# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 28 अप्रैल 2025


आतंक के आकाओं का 'अंत' तय

## सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री के सामने रखा 'प्लान'

**बैठक 'रणनीति' पर केंद्रित रही**



बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही सुरक्षाबलों का ऑपरेशन तेज है। एक के बाद एक आतंक के आकाओं के घर को उड़ाया जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे फायरिंग का भी भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इसी बीच रविवार को शाम 4 बजे भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।

### बीएसएफ के डीजी भी पहुंचे गृह मंत्रालय

यह बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही। दूसरी ओर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय पहुंचे, जहां आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सीमा सुरक्षा पर चर्चा हुई।

**डेडलाइन खत्म :** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल रात 12 बजे तक भारत छोड़ देने का आदेश था

# भोपाल में करीब 235, इनमें से कई चले गए, इंदौर में 200 से अधिक...रात 12 बजे तक छोड़ा देश

### पासपोर्ट विभाग ने लगातार पाकिस्तानी नागरिकों से संपर्क किया और उन्हें वाघा बॉर्डर के जरिए वापस भेजने की प्रक्रिया समझाई

### कुछ नागरिकों ने विमान से भारत छोड़ा, चूंकि भारत का पाकिस्तान के साथ सीधा हवाई संपर्क नहीं है, इसलिए वे अन्य देशों के लिए रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ देने को कहा गया था। 27 अप्रैल की रात 12 बजे यह डेडलाइन पूरी हो गई। भारत सरकार ने शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के आदेश दिए हैं। मेडिकल वीजा वालों के लिए समय-सीमा 29 अप्रैल तक है।

इसके मद्देनजर भोपाल व इंदौर में पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी से इस अभियान में जुटा रहा। पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी संबंधित नागरिकों की पहचान कर उनकी जल्द से जल्द वापसी सुनिश्चित करें। भोपाल में करीब 235 पाकिस्तानी नागरिक आए हुए थे, ▶▶ शेष पेज 4 पर



**भोपाल में 3 पाकिस्तानी वीजा लेकर आए**

*भोपाल में तीन पाकिस्तानी वीसा लेकर आए हैं। इनमें एक हिंदू और दो मुस्लिम युवक बताई जा रहे हैं। पाकिस्तानी हिंदू ने डेडलाइन देने से पहले आवेदन दे रखा था, उस पर विचार हो रहा है। बाकी दो के बारे में कुछ टेक्निकल इश्यू है। इस मुद्दे पर बात करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के मुख्य सचिव व एडीजी इंटेलीजेंस शामिल हुए थे।*

### रविवार रात तक सबको निकाला

अब तक करीब हजार पाकिस्तानी नागरिक भारत से जा चुके हैं और रविवार तक बाकी को भी निकाल दिया गया। महाराष्ट्र से 107 लोग गायब बताए गए हैं। हालांकि, सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि कोई गायब नहीं हुआ है। महाराष्ट्र में करीब 5,050 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे थे और उनमें से ज़्यादातर लंबी अवधि के वीज़ा पर थे। इनमें से ▶▶ शेष पेज 4 पर

**629 भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान से लौटे**

अब तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, मप्र, ओडिशा, गोवा, गुजरात और उप्र समेत कई राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा चुका है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा करीब 1,000 पाकिस्तानी नागरिक शॉर्ट-टर्म वीजा पर थे, जिनमें से कई ने देश छोड़ दिया है। कुछ नागरिकों ने विमान से भारत ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया

## भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग कहा- किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। नौसेना की इस एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया है। रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीहोर में पकड़ाया संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक आधार कार्ड और समग्र आईडी भी बरामद

*सीहोर। कोतवाली थाना पुलिस ने सीहोर में बरसों से रह रहे एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह अपने परिवार के साथ कई वर्षों से सीहोर में रह रहा था। वह यहां पर मजदूरी करता था। फिलहाल एक रेस्टोरेंट में कार्य कर रहा था। सीहोर कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद इरशाद पिता मोहम्मद सिराज लगभग 15 वर्ष पहले फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर भारत आया था। पुलिस ने उसे पकड़ा है एवं उसके एवं परिवार के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस ने विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सोमवार को कोर्ट में पेश* ▶▶ शेष पेज 4 पर












### शाजापुर में बस बनी आग का गोला



**शाजापुर।** सनकोटा गांव के पास आगर मुंबई नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे पर खड़ी बस में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि जब बस में आग लगी, तब सभी यात्री ढाबे में खाना खाने नीचे उतर गए थे। इस घटना में बस में सो रहा एक यात्री आग की चपेट में आकर झुलस गया। बस कानपुर से सूरत की ओर जा रही थी।

*बड़ी सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता 55% करने की घोषणा की*

# मप्र में सरकारी कर्मचारियों की मौज, बढ़ाया 3 प्रतिशत डीए, अगले माह से होगा लागू



प्रदेश के लगभग सात लाख नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबित एक और मांग को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पूरा कर दिया

**अभी भी 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है**

◆ राजपत्रित अधिकारी संघ के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने यह घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता 55% करने की घोषणा की है। इसमें 3% भत्ता 1 जुलाई 2024 और 2% 1 जनवरी 2025 से बढ़ाया जाएगा।

एरियर का भुगतान 5 समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच किया जाएगा। राजपत्रित अधिकारी संघ के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की ने यह घोषणा की। प्रदेश के लगभग सात लाख नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबित एक और मांग को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पूरा कर दिया। नार्मदीय भवन तुलसी नगर में आयोजित राजपत्रित अधिकारी संघ के सम्मेलन में उन्होंने केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता पांच प्रतिशत बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने की घोषणा की। इसमें तीन प्रतिशत भत्ता एक जुलाई 2024 और दो प्रतिशत ▶▶ शेष पेज 4 पर

**3 प्रतिशत** भत्ता 1 जुलाई 2024 और 2% 1 जनवरी 2025 से बढ़ाया जाएगा

एरियर का भुगतान 5 समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच किया जाएगा




**किस श्रेणी में कितना होगा लाभ**

| | |
|---|---|
| प्रथम | 5200 से 6300 |
| द्वितीय | 2300 से 3350 |
| तृतीय | 850 से 1550 |
| चतुर्थ | 700 से 850 |

### दो बार महंगाई भत्ता बढ़ाया

प्रदेश के कर्मचारी को अभी भी 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। इसकी घोषणा भी अक्टूबर 2024 में की गई और नौ माह का एरियर तीन किस्तों में दिया गया। जबकि, इस बीच केंद्र सरकार ने दो बार महंगाई भत्ता बढ़ा दिया। इसका लाभ केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2024 और जनवरी 2025 से मिला। प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का दो प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 55 प्रतिशत ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कर्मचारियों के हित में हो रहा काम**

*मुख्यमंत्री के समक्ष जब राजपत्रित अधिकारी संघ ने महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग रखी तो उन्होंने मंच से इसे स्वीकार करते हुए घोषणा कर दी। डॉ.यादव ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हित में लगातार काम कर रही है। वे भत्ते जो वर्षों से* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *महंगाई राहत बढ़ाने छत्तीसगढ़ से ली जाएगी सहमति*

*वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में पांच प्रतिशत वृद्धि करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मांगी जाएगी। इसके लिए उन्हें पत्र भेजा जाएगा और सहमति प्राप्त होते ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 में पेंशनर के वित्तीय मामले में दोनों राज्यों की सहमति का प्रावधान है। वर्ष 2000 के पहले के कर्मचारियों की पेंशन में आने वाले वित्तीय भार का 73 प्रतिशत मध्य प्रदेश और 27 प्रतिशत छत्तीसगढ़ को उठाना पड़ता है। जबकि, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी का कहना है कि इस प्रावधान को लेकर केंद्र सरकार अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। राज्य सरकार को निर्णय लेना है पर इसे लंबित रखा जा रहा है। पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि और एरियर का भुगतान कर्मचारियों की तरह ही होना चाहिए।*

बाइक से टकराकर **कुए में जा गिरी कार**



## 12 लोगों की मौत, बचाने उतरे एक शख्स ने भी तोड़ दिया दम

◆ आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार सहित कार सवार 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में जा गिरी।

सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार सवार सभी लोग रतलाम के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,डीआईजी मनोज कुमार सिंह, कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी और एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *सीएम ने जताया दुख आर्थिक मदद का ऐलान*

*मंदसौर में हुए भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की असामयिक मृत्यु पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता कोष से प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को 2-2 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए और सामान्य रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं।*

**कुए में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में देरी**

कुए में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में टाइम लगा। कुए में पंप के जरिए पानी निकाला गया। वैन में सवार लोगों को बचाने कुए में उतरे मनोहर सिंह का शव की तलाश देर शाम तक जारी रही। वैन के फंसी तीन साल की बच्ची समेत चार लोगों को सुरक्षित निकालकर मंदसौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भोपाल में 11 दिन बाद पारा 40 डिग्री से नीचे 39.2 डिग्री रहा, रात में भी 3.4 डिग्री की कमी से कुछ राहत

गर्मी से कुछ राहत मिली पर उमस भी बढ़ी

## चार दिन प्रदेश में आंधी-बारिश ओले, भोपाल में बादल- बौछारें

दमोह, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सिवनी, डिंडौरी सहित डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने से बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के दो दर्जन जिलों में रविवार को सुबह से देर शाम तक आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का सिलसिला चला। भोपाल में बादल और बूंदाबांदी रही, जबकि सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंगपुर, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, पन्ना, मैहर, रीवा, मऊगंज और बालाघाट में गरज के साथ बारिश हुई।

करीब 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी का दौर रहा। विदिशा, सागर, दमोह, पूर्वी रायसेन, शहडोल, पांढुर्णा और उमरिया में भी हल्की बारिश रही। शाम के समय बांधवगढ़, अनुपपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, छतरपुर जिलों में भी ▶▶ शेष पेज 4 पर



दमोह में ओले बारिश

**नौगांव में 10 डिग्री की गिरावट**

भोपाल में 11 दिन बाद अधिकतम पारा 1.5 डिग्री गिरकर 40 डिग्री से नीचे 39.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री कम है। इससे पहले 16 अप्रैल को यहां अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री रहा था। बैतूल, ग्वालियर, रायसेन, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, रीवा, सतना, सिवनी, टीकमगढ़ सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिरकर औसतन 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया। सबसे अधिक कमी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**2 मई को कहीं बारिश, कहीं लू**

अगले तीन दिन प्रदेश में बारिश आंधी के बीच एक से 2 मई की सुबह तक रायसेन, सिंगरौली, सीधी, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में आंधी- बारिश होगी। वहीं, बुरहानपुर, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, देवास, गुना, अशोकनगर, खंडवा, खरगोन, नीमच, शिवपुरी में लू का असर भी रह सकता है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद...

## केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला पाक हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे।

गौर हो कि चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था।

पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे

यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया



**30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही**

30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुरक्षा कारणों का दिया हवाला

दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से ऐहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है




# 27 साल बाद आज शनिदेव लौटेंगे अपने नक्षत्र में, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में करेंगे प्रवेश, कई राशियों के जातकों को मिलेगा लाभ

**इस गोचर के प्रभाव से कई राशियों के जातकों को लाभ मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्याय के देवता शनि का गोचर हर व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। आज यानी 28 अप्रैल को शनिदेव एक विशेष और दुर्लभ खगोलीय संयोग में प्रवेश करने जा रहे हैं। 27 साल बाद शनि देवता अपने ही नक्षत्र उत्तराभाद्रपद में गोचर करने जा रहे हैं। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र स्वयं शनि के स्वामित्व वाला है, इसलिए इस गोचर के प्रभाव से कई राशियों के जातकों को लाभ मिलेगा।

मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि आज शनि देव नक्षत्र परिवर्तन करेंगे, जब कोई ग्रह अपने स्वनक्षत्र में प्रवेश करता है, तो उसकी ऊर्जा अत्याधिक प्रभावी होती है। शनि, जो कर्म, न्याय और अनुशासन के देवता हैं, जब अपने ही नक्षत्र में आते हैं, तो यह समय सकारात्मक बदलावों, गहरी सीख और लंबे समय तक टिकने वाले परिणामों का संकेत होता है। उन्होंने बताया कि शनि हर ढाई साल में राशि परिवर्तन करते हैं और हर एक वर्ष में नक्षत्र बदलते हैं, जिससे उनका प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ता है। इस वक्त शनि कुंभ राशि और पूवार्भाद्रपद नक्षत्र में स्थित हैं, लेकिन 28 अप्रैल को सुबह 7:52 बजे शनि अपने ही नक्षत्र उत्तराभाद्रपद में प्रवेश करेंगे और मीन राशि में गोचर करेंगे।



### मीन राशि वालों को आध्यात्मिक उन्नति

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस गोचर का विशेष प्रभाव वृषभ, मकर, कुंभ और मीन राशि के जातकों पर पड़ेगा। वृषभ राशि के लिए करियर और धन क्षेत्र में नए अवसर खुल सकते हैं। मकर और कुंभ राशियों को यह आत्मबल, स्थिरता और सम्मान दिला सकता है, वहीं मीन राशि वालों को आध्यात्मिक उन्नति और मानसिक शांति प्राप्त हो सकती है। तो वहीं वृषभ राशि के ग्यारहवें भाव में शनि का गोचर होने वाला है, जिससे इस राशि के जातकों को धन लाभ हो सकता है। कर्क राशि के नवें भाव में शनि का गोचर होगा। यह भाग्य और उन्नति से जुड़ा है तो वहीं तुला के राशि के छठे भाव में शनि का गोचर होने से इस राशि के जातकों के तरक्की के रास्ते में आने वाली हर बाधा दूर हो जाएगी।

## गायत्री शक्तिपीठ का संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण व सम्मान संपन्न



*भोपाल। गायत्री शक्तिपीठ का संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह रविवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि जगदीश चंद्र कुलमी, सुधीर श्रीपद, राजेश पटेल, प्रभाकांत तिवारी, नायक जीएसआर चौधरी, के एल पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस मौके पर भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा को देश में मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाने गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में की प्रदेश स्तरीय पुरस्कार वितरण किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण प्रथम द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र वितरण किया एवं सहभागी संस्थाओं के प्राचार्य और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर पुलवामा में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर सामूहिक विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*

## श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णाहूति एवं भंडारे के साथ हुआ समापन



भोपाल। राजधानी की हर्षवर्धन नगर कॉलोनी में स्थित श्री शिव मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक आचार्य पं. संदीप शास्त्री विदिशा वाले ने अपने मुखारबिन्द से भागवत कथा के महत्व एवं ज्ञानवर्धन प्रसंग सुनाएं। रविवार को कथा का समापन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा के साथ हुआ। कथावाचक संदीप शास्त्री ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए अपील की और कहा कि धर्म के कार्य के लिए कुछ समय अवश्य निकालें। भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक महेंद्र दवे ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित होकर व्यास पीठ का पूजन कर जन कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय वरिष्ठ नेता हरीश शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, अमरजीत भारद्वाज, दिनेश तिवारी, राधा लखेरा, मीनू नरेश भाई शर्मा सहित हजारों भक्त उपस्थित थे।

## सतुवाई अमावस्या पर प्रभु को आम और सत्तू का लगाया भोग

भोपाल। सतुवाई अमावस्या रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग, पीरति योग और आनंद योग में मनाई



गई। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा की। भगवान को सत्तू, आम और मोहन भोग अर्पित किया। शिव मंदिरों में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर दिव्य श्रृंगार किया गया। पंडितों ने बताया कि पितरों को तर्पण, दान पुण्य और गंगा स्नान का विशेष महत्व है। सत्तू, चना, जल और ककड़ी का दान पुण्यदायी है। श्रद्धालु जीव दया और पर्यावरण संरक्षा का संदेश हुए सकोरे वितरित किए और गायों को घास खिलाकर पानी के कुंड रखे। मारवाड़ी रोड स्थित बांके बिहारी मंदिर, चौबदारपुरा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर और शहर के अन्य कृष्ण मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हुए। शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक और दिव्य श्रृंगार के साथ भगवान को सत्तू, आम, तरबूज और खरबूजा का भोग लगाया गया।

### रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच से पं. अजय याज्ञिक ने कही यह बात

# धर्म के कार्यों से यह जीवन सुंदर बन जाता है, सुंदरकांड में हनुमानजी ने यही दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सार्वजनिक जीवन में प्रेम और सेवा व्यक्ति को विशिष्ठ बना देती है। मानव जीवन की यही सुंदरता है। सुंदर कांड में हनुमान जी ने यही करके दिखाया। इसलिए इस कांड का नाम सुंदरकांड पड़ा रविवार को रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच से यह बात मानस मयंक पंडित अजय याज्ञिक ने कहीं। वह बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट द्वारा आयोजित "रामभक्ति के अनुपम अनुष्ठान" कार्यक्रम में हनुमान सम नहिं बड़भागी, नहिं कोई रामचरन अनुरागी विषय पर सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति दी। इस मौके पर पंडित अजय याज्ञिक ने कहा कि भगवान शंकर मां पार्वती से बोले की हनुमान जैसा कोई बड़भागी नहीं है और ना ही हनुमान जैसा भक्ति करने वाला है। जिसका प्रेम धर्म एवं सेवाधर्म का बखान स्वयं भगवान राम ने अपने श्री मुख से बार-बार किया। हमको अपने जीवन में धर्म और सेवा के ऐसे कार्य करना चाहिए कि भगवान नहीं तो कम से कम अपना परिवार मित्र और समाज उनका बखान करें। तभी हमारा जीवन सुंदरकांड जैसा सुंदर हो सकता है। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप सोनी मिलन सचिव प्रमोद नेमा, पंडित रामजीवन दुबे ने सहित अन्य पदाधिकारियों ने पंडित अजय याज्ञिक भव्य स्वागत किया।





### मधुर भजनों पर खूब थिरके श्रद्धालु

सचिव प्रमोद नेमा ने बताया पंडित याज्ञिक द्वारा सुंदरकांड की व्याख्या के साथ गाए गए विभिन्न भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया तथा इस अवसर पर खेली गई फूलों की होली पर भी पूरा परिसर इस अनूठी राम भक्ति पर झूम उठा। सुंदरकांड के प्रारंभ में सभी श्रद्धालुओं का चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया एवं सभी को सुंदरकांड की पुस्तिका तथा हनुमान चालीसा का छोटा टीका निःशुल्क भेंट किया गया। महाआरती के बाद महा प्रसादी का वितरण भी हुआ। इस अवसर पर करुणा धाम आश्रम के सुदेश शांडिल्य, मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, जनप्रतिनिधियों के साथ राजधानी के सामाजिक राजनीतिक व्यापारिक संस्थाओं के प्रमुख मौजूद थे।

### दादाजी धाम मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में रविवार को हनुमान चालीसा सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दादाजी गुरुदेव के भक्त एवं अम्बिका आश्रम बालीपुर के सदगुरु श्री गजानन महाराज के परम भक्तों ने श्री शंकर पार्वती संवाद श्री गुरु गीता का भावपूर्ण पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ किया। गुरु गीता पाठ उपरांत गुरुगीता की सुमधुर आरती की। इस अवसर पर उपस्थित सभी भक्तों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।



### एमपीपीसीबी पर दर्ज आंकड़ों का हवाला

## अंधड़, बूंदाबांदी फिर भी उड़ती रही धूल शहर का एक्यूआई मॉडरेट लेवल पर



होशंगाबाद रोड पर दोपहर 2 बजे के करीब धूप थी, लेकिन मंडीदीप की ओर गहरे बादल नजर आ रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को प्रदेश में बारिश, आंधी के बीच शहर में भी मौसम बदला रहा। सुबह से धूप, दोपहर में बादल और तेज हवाओं के बीच 2 से 3 बजे के बीच तेज अंधड़ का सिलसिला चला। इस बीच कुछ हिस्सों में बूंदावांदी भी हो गई। लेकिन हवाओं में धूल का असर और बढ़ गया। शनिवार से रविवार शाम तक एमपी पीसीबी के ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार भोपाल का एक्यूआई मॉडरेट लेबल पर रहा। सबसे खराब कलेक्टोरेट इलाके में 194 पर दर्ज हुआ। पर्यावरण परिसर का 106 और टीटी नगर का 168 पर दर्ज हुआ है। यह सभी इलाके मॉडरेट लेबल पर रहे। कलेक्टोरेट और टीटी नगर इलाके में मुख्य प्रदूषक तत्व ओजोन रहा है।

### बादलों के बीच बूंदाबांदी

शहर में दिनभर मौसम में बदलाव होता रहा। शाम से बादलों का डेरा जमा और देर शाम शहर के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ फिर बौछारें पड़ीं। दोपहर के समय भेल, पिपलानी, अयोध्यानगर और पटेल नगर, भानपुर इलाके में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं, जबकि देर शाम को भी इन इलाकों में मौसम बदला रहा।

### गर्मी, उमस ने किया लोगों को परेशान

दिन में धूप के साथ गर्मी का असर बढ़ा रहा, जबकि दोपहर में बादल और दोपहर बाद बूंदाबांदी से उमस बढ़ गई। दिनभर तेज तपिश के बीच देर शाम को भी गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। हालांकि, दिन के तापमान में डेढ़ डिग्री तक कमी आने से शनिवार की अपेक्षा रविवार को गर्मी ने कम परेशान किया।

### रीजनल प्रॉडिजी का आयोजन संपन्न

## बौद्धिक विकास के साथ खेलों में भी मप्र का नाम करें रोशनः सारंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र एसआईपी अकैडमी द्वारा आयोजित रीजनल प्रॉडिजी का आयोजन रविवार को मिंटो हॉल में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में मप्र के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 700 छात्रों ने हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत क्षमताओं का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए। सारंग ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन कर बच्चों के बौद्धिक विकास में अकादमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। खेल मंत्री सारंग ने इस अवसर पर कहा कि निश्चित रूप से मप्र के बच्चों का बौद्धिक स्तर ऊंचा है और बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ खेल के क्षेत्र में भी उनका सहयोग होना चाहिए ताकि मप्र का नाम देश में रोशन करें। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने बच्चों का उत्साह वर्धन के साथ विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

- इस प्रतियोगिता में मप्र के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 700 छात्रों ने हिस्सा लिया

### 11 मिनट में 280 गणतीय सवाल किए हल

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण व चुनौती थी जिसमें छात्रों ने मात्र 11 मिनट में 280 गणतीय सवाल हल किए। यह उनकी असाधारण गणना क्षमता एकाग्रता और आत्मविश्वास का प्रमाण था। पूरे आयोजन स्थल पर बच्चों की ऊर्जा और उनके शानदार प्रदर्शन की गूंज थी। इस आयोजन का संचालन मप्र के एरिया हेड आयुष जैन, प्रदीप चंद्र, रिजनल मैनेजर केबिन जान के द्वारा किया गया।

## पुणे, कोचुवेली, सिकंदराबाद, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस सहित मुंबई व दक्षिण की ओर जाने वाली 12 से अधिक ट्रेनें मई में रहेंगी निरस्त

***पहलगाम हमले के बाद उत्तर भारत की जगह दक्षिण व पश्चिम की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर मंडल के अंतर्गत तीसरी लाइन के इंटरलाकिंग कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इस कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनें 7 मई तक अलग-अलग तिथियों में निरस्त किया है। इन ट्रेनों में मुख्य रूप से पुणे, कोचुवेली, सिकंदराबाद, यशवंतपुर, छत्रपति



शिवाजी महाराज टर्मिनस, ओखा, पनवेल, बांद्रा टर्मिनस तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस जैसे गंतव्यों से चलने वाली प्रमुख लंबी दूरी की ट्रेनें शामिल हैं। तो वहीं पहलगाम हमले के बाद उत्तर भारत की जगह दक्षिण व पश्चिम की ओर जाने वाली ट्रेनों में समर सीजन को लेकर वेटिंग बढ़ रही है। ऐसे में इसी रूट यानी मुंबई व दक्षिण की ओर जाने वाले यात्रियों को समर सीजन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### ये ट्रेनें रहेंगी कैंसिल

पुणे-गोरखपुर तीन मई, गोरखपुर-कोचुवेली 1, 2, 4 मई, कोचुवेली-गोरखपुर 30 अप्रैल, 4, 6, 7 मई, गोरखपुर-सिकंदराबाद 30 अप्रैल। सिकंदराबाद-गोरखपुर एक मई। सिकंदराबाद-गोरखपुर 28 अप्रैल। गोरखपुर-एलटीटी 29 अप्रैल। एलटीटी-गोरखपुर 30 अप्रैल। एलटीटी-गोरखपुर 28 अप्रैल से तीन मई। गोरखपुर-एलटीटी 28 अप्रैल से तीन मई। गोरखपुर-यशवंतपुर 29 अप्रैल। यशवंतपुर-गोरखपुर एक मई। गोरखपुर-पुणे एक मई। पुणे-गोरखपुर तीन मई। गोरखपुर-ओखा एक मई। ओखा-गोरखपुर चार मई तक निरस्त रहेगी।

## तीन वर्ष तक करेंगे अमरनाथ यात्रा का बहिष्कार, ताकि कश्मीरियों को न मिले रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्था संस्कृति बचाओ मंच ने शहर, प्रदेश व देश के लोगों से मांग की है कि तीन वर्ष तक अमरनाथ यात्रा का बहिष्कार करें। इससे कश्मीरियों को रोजगार नहीं मिलेगा। ऐसे कश्मीरी मुस्लिम जिन्हें हम सनानियों की वजह से रोजगार मिलता है, वो आंतवादियों से मिलकर हमारे साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें सबक सिखाना बहुत जरूरी है। मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा है कि अमरनाथ यात्रा के नाम पर उन लोगों को रोजी-रोटी देना है, जो आंतकवादियों का साथ देते हैं। हिंदूओं की हत्या कराने में सहायता करते हैं। ऐसे लोगों का जब रोजगार छिन जाएगा, तब ही उनको समझ में आएगा।

### विद्यार्थियों तक पहुंची पाठ्य पुस्तकें, तेजी से बढ़ा प्रवेश लेने वालों का आंकड़ा

# पहली से 12वीं तक 72 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक करीब 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले करीब 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 पास करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में एडमिशन ले चुके हैं। कक्षा एक से 8वीं तक में करीब 59 लाख 66 हजार से ज्यादा और कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नए शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू हुए नए शैक्षणिक सत्र में अब तक लगभग एक लाख 62 हजार से ज्यादा बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश हो चुका है। इनमें से करीब एक लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों ने उनका प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया है। शेष करीब 35 हजार बच्चे निजी विद्यालयों की कक्षा एक में प्रवेश लिया है।

नए शैक्षणिक सत्र में एक लाख 62 हजार से ज्यादा बच्चों ने लिया कक्षा एक में प्रवेश

एक लाख से अधिक अभिभावकों द्वारा बच्चों का प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया

### एजुकेशन पोर्टल 3.0 से मॉनिटरिंग



स्कूल चलें हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के नामांकन के लिए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 का एक अप्रैल को लोकार्पण किया था। पोर्टल के माध्यम से शालाओं में कक्षावार नामांकन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नामांकन का कार्य सतत प्रगति पर है तथा अधिकांश चिन्हित बच्चे निर्धारित कक्षाओं में प्रवेश ले रहे हैं। ध्यान रहे कि इस साल समय डेटा के आधार पर कक्षा एक में प्रवेश के लिए योग्य बच्चों की ग्राम और वार्ड वार सूची भी शिक्षकों को पहले से ही उपलब्ध कराई गई है, जिससे शिक्षकों द्वारा इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर शाला प्रवेश कार्य में सुविधा हो रही है।

### अप्रैल में रिजल्ट आने से प्रवेश तेजी से बढ़े

बताया गया है कि अप्रैल में ही प्रदेश में परीक्षा परिणामों की घोषणा होने से कक्षावार नामांकन में तेजी आई है। प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के अलावा अन्य सभी कक्षाओं की स्थानीय परीक्षाओं और कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं के परिणाम भी इस साल मार्च अंत तक घोषित किए जा चुके थे, जिससे विद्यार्थियों ने अगली कक्षाओं में समय से प्रवेश लेना शुरू कर दिया है।

भोपाल
सोमवार, 28 अप्रैल 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 27
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

राजधानी के एक कॉलेज में लव जिहाद मामले में सीएम सख्त, कहा

## प्रदेश में किसी प्रकार के जिहाद या लव जिहाद की अनुमति नहीं

### किसी भी अपराधी को छोड़ेंगे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद आरोपियों से पूछताछ में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी गैंग बनाकर वारदात को अंजाम दे रहे थे। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां अपराध और अपराधी के लिए कोई जगह नहीं है। जो अपराध करेगा उसे सजा मिलेगी, हमारी सरकार ने प्रदेश की धरती पर किसी प्रकार के जिहाद या लव जिहाद की अनुमति नहीं दी है। जो हमारी धरती पर यह करता पाया जाएगा उसे छोड़ेंगे नहीं, वह राज्य के अंदर हो या राज्य से बाहर भागा हो, हमारी पुलिस उसे हर जगह से पकड़ कर लाएगी। यह हमारा संकल्प है।



### संगठित अपराध के एंगल से भी जांच

बता दें राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट तलब की है और आयोग की टीम जल्द ही भोपाल पहुंचेगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए कार्रवाई के संकेत दिए हैं। आरोपी हिंदू छात्राओं को फंसा कर उनसे दरिंदगी कर रहे थे। उनको अपनी गिरफ्त में रखने के लिए ड्रग्स का आदी बना रहे थे। उनका वीडियो बनाकर बलैकमेल किया जा रहा था। पुलिस मानव तस्करी और देह व्यापार जैसे बड़े संगठित अपराध के एंगल से भी जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### पिता ने बेटी और दामाद को गोली मारी



**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के चोपड़ा शहर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। सीआरपीएफ के रिटायर्ड पीएसआई किरण मंगले ने एक शादी समारोह में अपनी ही बेटी और दामाद पर गोली चला दी। गोलीबारी की इस घटना में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद जलगांव एसपी डॉ. महेश्वर रेड्डी मौके पर पहुंचे। घटना की गहन जांच के आदेश दिए। पिता बेटी के प्रेम विवाह से नाराज था।

### खरगोन में भिड़ीं दो बाइक,तीन की मौत




**खरगोन।** खरगोन में मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक सात साल की बच्ची भी शामिल है और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार रात बिस्तान पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत महारेल और मोमाडिया गांवों के बीच हुई। दो मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गई,जिससे दो आदमियों और एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में हुआ सफल 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन

# कॉन्क्लेव में 2815.5 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 27760 रोजगार होंगे 'सृजित'

**सीएम ने कहा कि मप्र अब मात्र वादों का नहीं, विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र अब मात्र वादों का नहीं, विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' मप्र की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है।

यह दिन मप्र के टेक्नो-इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इंदौर में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन सिर्फ एक कॉन्क्लेव नहीं है, बल्कि प्रदेश की तकनीकी-परक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेशन सेंटर में आयोजित 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में हमने दुनिया को मप्र की प्रौद्योगिकी क्षमता से रूबरू करवाया था। यह कॉन्क्लेव उसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जहां हम ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 के निवेश इरादों को ठोस निवेश में बदलना, राज्य में तकनीकी विकास के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव है प्रदेश की तकनीकी परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव

कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हमारी 'प्रॉमिस्ड डिलीवरी' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है



## मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें

सीएम ने कहा कि इसका उद्देश्य पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करना, जीसीसी, आईटी, आईटीईएस सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन और एवीजीसी-एक्सआर पर चर्चा करके इन नीतियों का सफल क्रियान्वयन कराना, मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें आयोजित करना है। इसके अलावा निवेश स्वीकृतियों और परियोजना-स्तरीय चिंताओं पर चर्चा करना और रीयल-टाइम अपडेट और एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करने के साथ प्रदेश को नवाचार और निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### सीसीआईपी के तहत 5 एकड़ भूमि आवंटित हुई, भूमिपूजन और शिलान्यास भी हुआ

कंट्रोल-एस डेटा सेंटर के लिए सीसीआईपी के तहत 5 एकड़ भूमि आवंटित हुई हैं। इनमें भोपाल के बड़वई आईटी पार्क में 12 मेगाबाइट का डेटा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित निवेश लगभग 500 करोड़ रुपए हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 200 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह पंचशील इंफ्रा डेवलपर्स में सीसीआईपी के तहत 10 एकड़ भूमि आवंटित की गई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मप्र भारत का टेक हब बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए और भी गर्व हो रहा है कि इस कॉन्क्लेव में ही कई परियोजनाओं के उद्घाटन भी हुए हैं जो विश्वास दिलाता है कि मप्र भारत का टेक हब बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर है। आज जिन संस्थाओं की परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है उनमें बीईएल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर जो कि इंदौर के सिन्हासा आईटी पार्क में एमपीएसईडीसी के साथ स्थापित है। यह सेंटर एआई तकनीकों पर केंद्रित है। इस प्रोजेक्ट में लगभग 3 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। जबलपुर आईटी पार्क ब्लॉक बी में आईटी, आईटीईएस इकाइयों के लिए रेडी टू टेक बिल्डिंग है। इसे 25 करोड़ रुपए के निवेश से नई सुविधा संपन्न स्थान एमपीएसईडीसी से निर्मित किया गया है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।*

सामाजिक विज्ञान की नई किताब में नई शिक्षा नीति के तहत कई बदलाव किए

## मुगलकाल आउट और महाकुंभ शामिल, एनसीईआरटी ने 7वीं की किताब में जोड़े 'भारतीय परंपरा' के नए चैप्टर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कक्षा 7 के बच्चों की सामाजिक विज्ञान की किताब में एनसीईआरटी ने बड़ा बदलाव किया है। अब इन छात्रों को मुगलों का इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के तहत एनसीईआरटी की किताब में अब ये चैप्टर नहीं होंगे। उनकी जगह अब मगध, मौर्य और शुंग सातवाहन जैसे प्रचीन राजवंशों पर नए चैप्टर शामिल किए गए हैं, जो कि भारतीय लोकाचार पर केंद्रित हैं। इतना ही नहीं, नई किताबों में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज ▶▶ शेष पेज 4 पर

- अब मगध मौर्य और शुंग सातवाहन जैसे प्रचीन राजवंशों पर नए चैप्टर शामिल

### भारतीयता पर केंद्रित किताबें

एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत पर सेक्शन छोटे कर दिए थे, जिनमें मुगल सम्राटों की उपलब्धियों की दो पन्नों की तालिका और मामलूक, तुगलक, खलजी और लोदी जैसे राजवंशों का विस्तृत विवरण शामिल था, जो 2022-23 में कोविड-19 महामारी के दौरान अपने पाठ्यक्रम को ▶▶ शेष पेज 4 पर





Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Ex-showroom prices are applicable in Bhopal. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, इंदौरः पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियारालीः भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साई मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342.

L&K | SAATCHI & SAATCHI

**इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में सीएम डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से कहा**

# टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 केवल निवेश का मंच नहीं, बल्कि विचार मंथन, नीति-निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का है अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का समापन एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में हो रहा है। यह केवल निवेश का मंच नहीं था, बल्कि एक विचार-मंथन, नीति-निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर था। मप्र की यह यात्रा यहीं नहीं रुकेगी। हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे, नई नीतियां लागू करेंगे, आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे, और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मप्र आत्मनिर्भर भारत के विकास पथ का ध्वजवाहक बने। यह टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात रविवार को इन्दौर ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को हम 'विकसित मप्र' से साकार करेंगे और उनके विजन-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का समापन केवल एक आयोजन का अंत नहीं, बल्कि यह उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 की एक सफल शुरुआत है, जो मप्र को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस वर्ष, हम नए रोजगार सृजन के लिए प्रयास करेंगे। तकनीकी परक नीतियों को और अधिक सशक्त बनाएंगे। औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाएंगे। ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोत्कृष्ट बनाएंगे।

**कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री की 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग हुई**



## औद्योगिक सेक्टर में कुल 452.95 करोड़ के निवेश वाली परियोजना श्रृंखला की घोषणा

औद्योगिक सेक्टर में कुल 452.95 करोड़ रुपए के निवेश वाली एक सशक्त परियोजना श्रृंखला की घोषणा हुई है। इससे हेवी इंजीनियरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स, फर्नीचर, फूड प्रोसेसिंग, मेडिकल डिवाइसेज और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2,049 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इनमें से छह परियोजनाओं का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ है, जिसमें 195.5 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। इन परियोजनाओं से 1,200 नवीन रोजगार का सृजन होगा। पांच नई औद्योगिक इकाइयों का उद्घाटन हुआ है, जिसमें 32.4 करोड़ रुपए का निवेश और 214 नए रोजगार का सृजन हुआ है। इसके साथ ही पांच उभरते उद्यमों के लिए 225.05 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 635 नए रोजगार सृजन के लिए आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। जिसमें पीपीपी मोड पर इंदौर के आईटी पार्क (परदेशीपुरा) में आईटी टावर, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु ऑप्टिकल फाइबर, भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में स्थापित होने वाली 8 कंपनियों को कुल 12 आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव के दौरान 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग हुई।

### भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान क्षेत्रीय केंद्र

भोपाल/इंदौर में आईआईसीटी के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जो डिजिटल नवाचार, रचनात्मक शिक्षा और स्किल डवलपमेंट के लिए एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराते हैं। एमपीएसईडीसी में निवेश प्रोत्साहन के लिए नई संगठनात्मक संरचना इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के प्रमुख आईटी पार्कों में चार नए सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं ताकि क्षेत्रीय स्तर पर निवेशकों को सहायता और नीति क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### भोपाल में आईटी पार्क टॉवर

भोपाल में लगभग 3 लाख वर्ग फुट लीज़ योग्य कार्यक्षेत्र के साथ 125 करोड़ रुपए के निवेश से एक नया आईटी टॉवर प्रस्तावित है, जो तकनीकी उद्यमों को बूस्ट देगा। नीति दिशा-निर्देश और प्रोत्साहन पोर्टल यानी निवेशकों को एकीकृत सुविधा देने के लिए प्रोत्साहन पोर्टल लॉन्च किया जा रहा है। इसके तहत निम्नलिखित नीतियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके तहत एमपी जीसीसी नीति-2025, एमपी सेमीकंडक्टर नीति-2025, एमपी एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025, एमपी ड्रोन प्रोत्साहन और उपयोग नीति-2025 के तहत उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

### दृष्टि आईआईटीआई इनक्यूबेशन सेंटर

सिन्हासा आईटी पार्क इंदौर में 10,248 वर्ग फुट में 120-सीटर स्टार्टअप स्पेस का निर्माण किया जाएगा, जो प्रदेश के स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों पर पहुचने का कार्य करेगा। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित निवेश लगभग 7 करोड़ रुपए है जो लगभग 120 स्टार्टअप्स कंपनियों के लिए पर्याप्त होगा।

### एमपी-सीईआरटी साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र

*एमपी-सीईआरटी के अंतर्गत राज्य में साइबर सुरक्षा हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र अनुसंधान, प्रशिक्षण, साइबर खतरों की जानकारी और नीति समर्थन पर केंद्रित होगा, जिससे सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को सशक्त किया जा सके।*

### बंदीखेड़ी, बैरसिया में ईएमसी 2.0–इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित होगा

*भोपाल के बंदीखेड़ी, बैरसिया में 209.47 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया जा रहा है, जो 1,500 करोड़ रुपए से अधिक का निजी निवेश आकर्षित करने और 75,000+ नौकरियां (30,000 प्रत्यक्ष और 45,000 अप्रत्यक्ष) सृजित करने का लक्ष्य रखता है।*

### कॉन्क्लेव में की गई प्रमुख घोषणाएं

कॉन्क्लेव में स्पेसटेक एवं नवाचार नीति लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य राज्य को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और वाणिज्यिक अंतरिक्ष उद्यमों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी।

---

**सम्मेलन में केंद्र के समान डीए देने घोषणा करने पर मुख्यमंत्री का माना आभार**

# राजपत्रित अधिकारी संघ ने कहाः मुख्यमंत्री कर्मचारी हितैषी, कर्मचारियों की मांगों का कर रहे समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन रविवार को नार्मदीय भवन तुलसी नगर में आयोजित किया गया। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य आतिथ्य के रूप में शामिल हुए। डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का सम्मान कर केंद्र के समान 55 प्रतिशत डीए देने की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया। डीके यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर्मचारी हितैषी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगातार कर्मचारी-अधिकारियों की लंबित समस्याओं और मांगों का निराकरण कर रहे है। कर्मचारियों के दर्द को समझकर ही उन्होंने नौ साल से पदोन्नति पर लगी रोक को हटा कर केंद्र के सामान 55 प्रतिशत डीए के साथ एरियस भी देने की घोषणा की। सम्मेलन में संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी समान रूप से पिछली तिथि से पांच प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग की है।

### नार्मदीय भवन तुलसी नगर में मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन




### 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में हो संशोधन

*संविदा महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने*



*राजपत्रित संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री का स्वागत कर नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर संविदा कर्मचारियों के संबंध में चर्चा की। रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री से संविदा नीति 22 जुलाई 2023 में संशोधन करने तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार संविदा कर्मचारियों के नियमिति करने की मांग की।*

### सम्मेलन में मांग-पत्र पर चर्चा कर बनाई रणनीति

सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई। मांग पत्र में राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आयुषमान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख तक का केश-लेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि मांगें शामिल है।

### डीए की बढ़ोतरी के साथ एरियर की सौगात

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय ने



महंगाई भत्ते में पांच प्रतिशत की वृद्धि कर 55 प्रतिशत करने की घोषणा का स्वागत कर मुख्यमंत्री का आभार माना है। मुख्यमंत्री ने न केवल पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है, बल्कि जुलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक का एरियर देकर कर्मचारियों को दो गुनी खुशी दी। मुख्यमंत्री की घोषण से प्रदेश के कर्मचारियों को 775 रुपए से लेकर 7500 रुपए तक का सीधा लाभ मिलेगा।

---

**पीएम मोदी बाबा साहेब के विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहेः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**

**मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह को किया संबोधित**

# डॉ. आंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई और देश की आजादी को अमर, अखंड और अक्षुण्ण रखने का आधार बनाया। एक हजार साल की गुलामी के दौर से गुजरे देश में, गुलामी के कारणों को खोजने और उन कारणों का प्रभावी समाधान देने में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान है।

आरक्षण की व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान कर डॉ. आंबेडकर ने देश में समानता के भाव का विस्तार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूथ कॉन्क्लेव में श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, सांसद देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डिक्की के मप्र चैप्टर प्रमुख अनिल सिरवैया ने सोशल जस्टिस पत्र की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुदित शैजवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



### भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब आंबेडकर ने कियाः शर्मा

*कार्यक्रम में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने किया। प्रधानमंत्री मोदी उनके विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।*

### देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिलेः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की ओर से स्थापित व्यवस्था के परिणामस्वरूप ही देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर सहित अन्य कठिन और संघर्षपूर्ण परिस्थिति में रह रहे परिवारों से आए व्यक्तियों को देश का नेतृत्व करने सहित महत्वपूर्ण पदों से व्यवस्था संचालन के अवसर प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों की महत्ता को स्वीकारते हुए उनकी जन्म स्थली महू पर विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री की पहल पर नई शिक्षा नीति में डॉ. आंबेडकर को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है और उनके विचारों पर शोध को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

---

## गंभीर आपराधिक मामलों में नामजद जनप्रतिनिधियों को सलामी न दे पुलिसः पटवारी

**भोपाल।** यदि गंभीर आपराधिक मामलों में नामजद जनप्रतिनिधियों को पुलिस सलामी देगी, तो पुलिस की साख और निष्पक्षता प्रभावित होगी। प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को डीजीपी कैलाश मकवाना को उक्त पत्र लिखा, जिसमें इस तरह का उल्लेख किया गया। उन्होंने इस गैर-जरूरी निर्णय को वापस लेने की मांग की है, ताकि पुलिस के सम्मान को कायम रखा जा सके। डीजीपी को भेजे गए पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आपका ध्यान मध्यप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा हाल ही में जारी उस निर्देश की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसमें पुलिसकर्मियों को सांसदों और विधायकों को सलामी देने का आदेश दिया गया है। इस निर्देश के संदर्भ में, कुछ तथ्य विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जैसे कि मध्यप्रदेश में भाजपा के 29 सांसदों में से 9 (31%) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## सियासतनामा



### इनको सैल्यूट मारेंगे तो फिर कार्रवाई कैसे करेंगे?

प्रदेश पुलिस के मुखिया कैलाश मकवाना द्वारा जारी आदेश में पुलिस को सांसदों, विधायकों को सैल्यूट मारना अनिवार्य किया गया है। यह किसी से छिपा नहीं है कि गलत काम करने वाले अपराधी भी सांसदों, विधायकों की सेवा में आगे-पीछे घूमते रहते हैं। अवैध रेत उत्खनन के आरोपियों को बचाने इन्हें मौके पर जाना पड़ता है और आरोपों से घिरे अपने समर्थकों को छुड़ाने पुलिस थाने भी। ये नेता कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करने मैदान में उतरते हैं तो पुलिस से इनकी झड़प और झूमाझटकी होती है। कई बार बल प्रयोग और आंसू गैस के गोले छोड़ने की नौबत आती है। ऐसे में यदि पुलिस अफसर सांसदों और विधायकों को सैल्यूट मारेंगे तो फिर कार्रवाई कैसे करेंगे?

### मुसलमान भी तो कह रहे हैं- पाक को सबक सिखाओ

जब पूरा देश पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के खिलाफ एकजुट है। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने घटना की निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के हर कदम के साथ एकजुटता दिखाई है। पहलगाम में एक कश्मीरी मुस्लिम को आतंकवादियों ने इसलिए गोलियों से भून दिया क्योंकि उसने एक हिंदू महिला को अपनी बहन बता कर उसे छोड़ने का आग्रह किया था। एक अन्य मुस्लिम ने लगभग 100 हिंदू पर्यटकों को घर में शरण देकर भोजन आदि की व्यवस्था की। देश के अंदर हर कोने से मुस्लिम समाज द्वारा आतंकवादी घटना का विरोध करने की खबरें आ रही हैं। वे प्रदर्शन कर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जला कर पाक को सबक सिखाने की बात कर रहे हैं। ऐसे में सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा देश के अंदर हिंदू-मुस्लिम का राग अलाप रहे हैं। सरकार के साथ एकजुटता दिखाने वाले विपक्षी दल के हिंदू सांसदों को कलंक बता कर उन्हें घाटी में छोड़ने की बात कर रहे हैं।

### क्या फिर भाजपा में जाने के लिए लांघ रहे 'लक्ष्मण रेखा'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह कुछ सालों से लगातार पार्टी अनुशासन की 'लक्ष्मण रेखा' लांघ रहे हैं। जब पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश एकजुट है, तब उन्होंने अनुशासन की सारी हदें लांघ दी हैं। उन्होंने राहुल गांधी को ही इस घटना के लिए जवाबदार ठहरा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल और राबर्ट वाड्रा नादानी वाले बयान देते हैं। इसलिए ऐसी घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि मैं सच बोलता हूं, पार्टी को मुझे निकालना है तो निकाल दे। इस अंतिम वाक्य से लगता है कि लक्ष्मण चाहते हैं कि कांग्रेस उन्हें पार्टी से निकाले और वे फिर भाजपा के दरवाजे में दस्तक दें। लक्ष्मण पहले भी भाजपा में रह चुके हैं। वे ये भूल रहे हैं कि तब और अब के राजनीतिक हालात में बहुत अंतर है।

### मालेगांव मामले में फिर मुश्किल में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर

भोपाल से भाजपा की सांसद रहीं साध्वी प्रज्ञा ठाकुर एक बार फिर मुश्किल में हैं। सितंबर 2008 में हुए मालेगांव बिस्फोट मामले में उन पर सजा की तलवार लटक रही है। खास यह है कि जो एनआईए एक समय साध्वी को क्लीनचिट देती दिख रही थी। उनकी जमानत में मदद की थी। उसी एनआईए ने अब कोर्ट से साध्वी प्रज्ञा सहित मालेगांव बिस्फोट के अन्य सभी आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 16 के तहत फांसी की सजा देने की मांग की है। एनआईए ने कोर्ट में तर्क के पक्ष में डेढ़ हजार पेज की एक रिपोर्ट भी सौंपी है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। जज एके लाहोटी 8 मई को इसे सुनाने वाले हैं। मामले में साध्वी प्रज्ञा के अलावा कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, स्वामी दयानंद पांडे और सुधाकर चतुर्वेदी आरोपी हैं।

### अब 28 हजार बेटियों के धर्म पिता बन जाएंगे भार्गव

बेटियों के सामूहिक विवाह के मामले में गिनीज बुक में रिकार्ड दर्ज करा चुके भाजपा के सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव अब भी शांत नहीं बैठे। यह सामूहिक विवाह समारोह का रजत जयंती वर्ष है। गढ़ाकोटा में 1 मई को लगभग साढ़े 3 हजार जोड़े सामूहिक कन्यादान विवाह समारोह में हिस्सा लेने वाले हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई अतिथि पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के बाद भार्गव 28 हजार से ज्यादा बेटियों के धर्म पिता होने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा लेंगे। गत वर्ष तक वे 25 हजार कन्याओं के विवाह करा चुके थे।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

---

**आज से घर-घर चलेगा संपर्क अभियान**

# प्रदेश कांग्रेस ग्वालियर से करेगी संविधान बचाओ अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के ग्वालियर से कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ अभियान का आगाज करने जा रही है। 28 अप्रैल को जय बापू जय भीम जय संविधान का उद्घोष करते हुए संविधान बचाओ रैली का आगाज किया जाएगा।

■ **पीसीसी चीफ सहित राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे**

कांग्रेस द्वारा आयोजित इस रैली में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी सहित प्रदेश के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे। कांग्रेस दावा कर रही है कि इस रैली में पूरे प्रदेश से लाखों कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थक, किसान, युवा, मजदूर, दलित, आदिवासी शामिल होंगे। इसमें 28 अप्रैल -विशाल संविधान बचाओ रैली, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के साथ लाखों की संख्या में लोग जुटने का दावा है। वहीं 3 मई से 10 मई- जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलीयां, जिला कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संबंध में रैलियां आयोजित होगी। इसके अलावा 11 मई से 17 मई- विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस विधायकों पूर्व जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकतार्ओं के जरिए जन जागरण रैलियां निकाली जाएगी। साथ ही 20 मई से 30 मई- घर-घर संपर्क अभियान, कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद करेंगे।

---

**रहवासियों ने स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया**

# मंत्री सारंग ने वार्ड 70 बिजली नगर कॉलोनी में पार्क समेत विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन समारोह के अवसर पर मंत्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पूर्व नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है।

आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मंत्री सारंग को रहवासियों ने दी शुभकामनाएं और जताया आभार

*बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने मंत्री सारंग का भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है।*

---

**मुख्यमंत्री ने दिगंबर जैन महाकुंभ में मुनियों से लिया आशीर्वाद**

# भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों से होगा समाज का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सत्य, अहिंसा अपरिग्रह के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इंदौर में जैन मुनियों के महाकुंभ से मालवा की धरती धन्य हो गई है। मालवा क्षेत्र के लिए यह एक अद्भुत एवं अद्वितीय अवसर है। दिगंबर जैन मुनियों का पट्टाभिषेक कार्यक्रम का यह एक वृहद आयोजन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में दिगंबर जैन महाकुंभ में उपस्थित जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाकुंभ में पधारे जैन मुनियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, क्षेत्रीय सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं कई विधायक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन मुनि अपने आचरण से समाज को सदाचरण का संदेश देते हैं। दिगंबर साधु प्रकृति के साथ जीवन यापन करना भी सीखते हैं। उनका आचरण हमारी धर्म के प्रति आस्था को और मजबूत बनाता है।

**इंदौर में दिगंबर जैन महाकुंभ का आयोजन**

**गो शालाओं के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जा रहा**




### मुख्यमंत्री का सम्मान कर आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री नहीं करने का निर्णय लिया है और इसे अमल में भी लाया जा रहा है। राज्य सरकार ने तय किया है कि खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी और इसका पालन भी कराया जा रहा है। राज्य सरकार गोशालाओं के निर्माण को प्रोत्साहन दे रही है। गोपालन को प्रोत्साहन देने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना बनाई गई है। इस योजना में 25 से ज्यादा गाय पालने पर शासन की ओर से 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का दिगंबर महाकुंभ कार्यक्रम के संयोजक मनीष गोधा ने सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया।

पन्ना से गिरफ्तार साहिल को लिया रिमांड पर, आरोपियों के मोबाइल की सीडीआर और डेटा रिकवर कर रही पुलिस

## शिकायत करने की धमकी देने पर रेपिस्ट कहता था पुलिस कुछ नहीं बिगाड़ सकती, काट लूंगा फरारी

# रेपिस्ट फरहान देता था पिता-भाई का सिर कलम करने की धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्राओं को प्रेम जाल में फंसाकर उनका यौन उत्पीड़न करने वाले सीरियल रेपिस्ट फरहान की हैवानियत की कहानी सुनकर हैरान करने वाली है। आरोपी फरहान मैकेनिक का बेटा है, लेकिन उसका रहन-सहन किसी रईस से कम नहीं था। आरोपी हिंदू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर उन्हें धर्म परिवर्तन करने पर लगातार दबाव बना रहा था। यदि कोई युवती उसे शिकायत करने की धमकी देती तो वह कहता था कि पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगी। यदि प्रकरण दर्ज भी हुआ तो फरारी काट लूंगा। मेरी जमानत कराने वाले बहुत लोग हैं। उसके डर के कारण युवती ने भोपाल छोड़ दिया था।

आरोपी उसका पीछा करते हुए इंदौर पहुंचा। वहां युवती को धमकाते हुए उसने कहा था कि पिता और भाई का सिर कलम कर दूंगा। डरी सहमी युवती भंवरकुआ पुलिस थाने पहुंची थी, लेकिन वहां महिला अधिकारी नहीं मिली और उसे बाद में आने का कहा गया। लिहाजा उसने बागसेवनिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

**छात्राओं से यौन उत्पीड़न का मामला**

### इस्लामिक संगठन से जुड़े होने की आशंका

मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस केवल जांच का ही हवाला दे रही है और प्रकरण में कुछ भी कहने से बच रही है। उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली पहली युवती ने आशंका जताई है कि फरहान कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पीएफआई से जुड़ा है। वह अक्सर पीएफआई की तारीफ करता था। पुलिस उसे पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। उससे ठीक से पूछताछ नहीं की गई। जब अन्य युवतियों और नाबालिग उसकी शिकायत लेकर पहुंची तो पुलिस के भी होश उड़ गए। उल्लेखनीय है कि आरोपी तीन पीड़िताओं से दुष्कर्म कर चुका है। उसके निशाने पर हिंदू छात्राएं और बाहर से आने वाली छात्राएं होती थी। आरोपी यौन उत्पीड़न के बाद अपने समुदाय के युवकों के पास पीड़िताओं को भेजकर उन पर संबंध बनाने का दबाव बनाता था। वह कहता था कि यदि बात नहीं मानी तो उनके अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर देगा। पुलिस ने उसके मोबाइल छात्राओं के अश्लील वीडियो भी देखे हैं। जिन्हें सहजकर रखा गया है ताकि कोर्ट में चालान के साथ वीडियो सबूत बतौर सौंपे जाए।

### माफी मांगने के बहाने इंदौर पहुंचा था फरहान

*पीड़िता ने बताया कि फरहान का उद्देश्य यौन उत्पीड़न तक ही नहीं था। उसका उद्देश्य हिंदू युवतियों को जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराना था। वह कुछ दिन ठीक से रहता था फिर शादी का प्रलोभन देकर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगता था। उससे प्रताड़ित होकर ही युवती इंदौर पढ़ने चली गई थी। आरोपी ने इंदौर में उसका ठिकाना पता किया और पहुंच गया। वह कह रहा था कि मुझे तुमसे मिलकर माफी मांगनी है। मैने उससे कहा कि ठीक है। रात करीब 10 बजे फरहान इंदौर पहुंचा और गेट खटखटाने लगा। वह डर गई और डर के कारण गेट नहीं खोला। आरोपी उसे लगातार कॉल करता रहा और गेट खुलवाने दबाव बनाने लगा। मजबूरन गेट खोला तो आरोपी ने उससे मोबाइल छीन लिया और उसके पर्सनल फोटो मोबाइल से ले लिए। वह चाकू दिखाकर धमकाने लगा कि यदि किसी दोस्त से बातचीत की तो जान से खत्म कर देगा। आरोपी ने इंदौर पहुंचकर भी युवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे।*

### आरोपी साहिल रिमांड पर परिजन ने हाथ खीचा

पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया था। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों को लेकर पूछताछ कर रही है। गिरोह के यौन शोषण की शिकार एक पीड़िता के पिता ने बदनामी के डर से शिकायत करने से मना कर दिया। हालांकि युवती की काउंसलिंग कराई जा रही है।

## देर रात बंसल वन में संचालित रेस्टोरेंट सहित दुकानें बंद कराने पहुंची थी जीआरपी

शराबियों का अड्डा बना आरकेएमपी स्टेशन परिसर, वीकेंड पर खुले में करते हैं युवा नशा

# रानी कमलापति स्टेशन परिसर में शराबियों ने गाड़ी में घुसकर हेड कांस्टेबल को पीटा, वर्दी भी फाड़ दी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का रानी कमला पति स्टेशन पुलिस और जीआरपी के लिए सिरदर्द बन गया है। यहां बंसल वन में संचालित होने वाला पब, रेस्टोरेंट और दुकानों में अक्सर विवाद हो रहे हैं। सूचना पर जीआरपी पहुंचती है तो विवाद की स्थिति बन जाती है और नशे में जीआरपी के कर्मचारियों के साथ मारपीट, झूमाझटकी होना आम बात हो गई है। शनिवार देर रात भी ऐसा ही कुछ हुआ।

जीआरपी की टीम बंसल वन में दुकानें बंद कराने पहुंची थी, तभी युवकों ने जीआरपी की जीप में घुसकर एक हेड कांस्टेबल की पिटाई कर दी। मारपीट में हेड कांस्टेबल की वर्दी फट गई। आरोपियों ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की हैं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।

जीआरपी के अनुसार, शनिवार रात करीब 2 बजे बंसल वन की दुकानें और रेस्टोरेंट्स बंद कराने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ युवक कार में बैठकर शराब पीते हुए नजर आए। जीआरपी में पदस्थ हेड कांस्टेबल नजर दौलत खान ने उन्हें स्टेशन परिसर में शराब पीने से मना किया। इस पर वह भड़क गए। आरोपियों ने गालीगलौज की।





### बचाने आए कांस्टेबल से बोले-तुम हट जाओ

दौलत ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने गाड़ी में घुसकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। साथी के साथ मारपीट होती देख हेड कांस्टेबल संदीप और कमल रघुवंशी उसे बचाने का प्रयास करने लगे। इस पर आरोपी कहने लगे कि तुम हिंदू भाई हो, हट जाओ। तभी एक अन्य आरोपी ने कहा, सब कहते हैं कि हिंदू भाई समझदार हैं, लेकिन ये (दौलत खान) लोगों को समझा रहा है।

### जीप का गेट खोला, सीट पर की मारपीट

आरोपियों का हौसले इतने बुलंद थे कि वे जीप का गेट खोलकर सीट पर बैठे हेड कांस्टेबल नजर दौलत खान को पीटते रहे। इस मारपीट का लोगों ने भी विरोध नहीं किया और वह वीडियो बनाते रहे। बाद में जीआरपी थाने से पुलिस बल बुलाया गया। इस दौरान आरोपियों ने वहां से दौड़ लगा दी। पुलिस ने तीन के खिलाफ, मारपीट, गालीगलौज, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर करते हुए मुख्य आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मौजूद दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सिर, गाल और कंधे में चोट, हालत नाजुक, निजी अस्पताल के आईसीयू में चल रहा इलाज

# संभागीय गश्त पर निकले एसआई को देर रात बाइक सवार ने मारी टक्कर

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बाइक सवार ने संभागीय गश्त कर रहे एसआई को टक्कर मार दी। दरअसल, गश्त में एसआई रामसिंह ने तेज रफ्तार बाइक को देर रात आते हुए देखा था और उसे रोकने का प्रयास किया। बाइक चालक रुका नहीं और उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एसआई रामसिंह सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। इसी प्रकार टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार तीन युवक भी सड़क पर गिरकर घायल हुए हैं। उनका भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अस्पताल में आरोपी पर नजर रखे हुए है। उसके स्वास्थ्य में सुधार होते ही पुलिस ने गिरफ्तारी और पूछताछ करेगी।

**इधर, बाइक सवार तीन युवक भी घायल, उनका भी चल रहा इलाज**

### बाइक पर नहीं थी नंबर प्लेट

*एसआई एमडी अहिरवार ने बताया कि एसआई रामसिंह को टक्कर मारने वाली बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। टक्कर मारने वाले आरोपी की पहचान अमन कुरैशी के रूप में की गई है। उसे भी चोट आई है और उसका इलाज चल रहा है। एसआई रामसिंह को सिर में गंभीर चोट है। हादसे के बाद से ही बेसुध थे। रविवार शाम को उन्हें होश आया और थोड़ी बातचीत की। उनके सिर में अंदरुनी चोट होने के कारण डॉक्टर ने उनकी हालत नाजुक बताई है। इसके अलावा गाल और सिर में भी चोट है।*

### हादसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास का मामला

पुलिस के अनुसार एसआई रामसिंह, निशातपुरा थाने में पदस्थ हैं। उनकी शनिवार रात संभागीय गश्त थी। वे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास खड़े थे। इस दौरान देवकी नगर की तरफ से एक तेज रफ्तार बाइक आती हुई नजर आई। बाइक पर तीन लोग बैठे हुए थे। उन्होंने साइड में खड़े होकर बाइक वाले को रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक वाला रुका नहीं और अपनी रफ्तार बढ़ा ली और बाइक तेजी से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एसआई रामसिंह सड़क पर गिर गए, जबकि बाइक वाला भी अनियंत्रित होकर गिर गया। साथ मौजूद पुलिसकर्मी एसआई रामसिंह को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनका इलाज चल रहा है।


BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) I M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) I M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) I M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) I M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) I M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) I BSW I M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) I M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
• For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

गांधी नगर स्थित एयरपोर्ट रोड पर पांच तलवार से केक काटकर मनाया था बर्थ-डे
अन्य साथियों की तलाश जारी, सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था वीडियो

# कार के बोनट पर तलवार से केक काटने वाले जुड़वां भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गांधी नगर पुलिस ने एयरपोर्ट ब्रिज के पास कार की बोनट पर केक रखकर तलवार से काटने वाले दो जुड़वा भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तलवार और कार जब्त की गई है। प्रकरण में उनके पांच अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो को देख पुलिस हरकत में आई थी और आरोपियों की तलाश की। वीडियो के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तलवार व आई-20 कार जब्त की गई है। दोनों आरोपी जुड़वा भाई हैं और 20 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाने दोस्तों के साथ एयरपोर्ट ब्रिज पर पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि 22-23 अप्रैल की दरमियानी रात सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में छह-सात युवक एयरपोर्ट रोड पर कार खड़ी कर तलवार से केक काटकर आतिशबाजी करते दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने पर पुलिस के आला अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए गांधी नगर पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो 20 अप्रैल की रात करीब सवा 12 बजे का है। एयरपोर्ट ब्रिज पर अलग-अलग कारों में सवार होकर आए लडकों ने अपनी गाड़ियों रोड किनारे खड़ी कर एक कार की बोनट पर 11 केक रखकर तलवार से काटे थे। युवकों ने कार पर आतिशबाजी भी की थी। इस घटना से एक तो यातायात प्रभावित हुआ था और आने जाने वाले लोगों में भय उत्पन्न हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात छह-सात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वीडियो के आधार पर उसमें दिखाई दे रहे दो युवकों में अरशान खान (19) और अयान खान (19) दोनों निवासी ताज कॉलोनी शाहजहांनाबाद, की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपी सगे जुड़वा भाई हैं और 20 अप्रैल को उनका जन्मदिन था। घटना वाली रात 20 अप्रैल को दोनों भाई अपने दोस्तों के साथ कार से एयरपोर्ट ब्रिज पर आए थे।

# चलते स्कूटर पर अश्लील हरकत सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**भोपाल।** राजधानी की सड़कों पर अभी तक स्टंट के वीडियो सामने आ रहे थे, लेकिन अब चलते स्कूटर पर अश्लील वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो बैरागढ़ सड़क का होने की आशंका है।

वीडियो में एक युवक स्कूटर चलाते हुए नजर आ रहा है, जबकि बीच में एक युवक और पीछे युवती बैठी हुई है। बीच में बैठा युवक सरेराह युवती से अश्लील हरकत कर रहा है। यह वीडियो पीछे चल रही कार के चालक ने अपने मोबाइल पर बनाया था। 45 सेकेंड के इस वीडियो में अश्लीलता देखी जा सकती है।

बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि वायरल वीडियो चिरायु अस्पताल के आगे के क्षेत्र का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, यह वीडियो कब का है इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

# जैकेट का शेष...

## भोपाल में करीब 235...

जिनमें से कई पहले ही देश छोड़ चुके हैं। इंदौर में 200 से अधिक पाकिस्तानी सिंधी नागरिक शॉर्ट टर्म वीजा पर रह रहे थे। इनमें से कई लोग व्यापारिक गतिविधियों, धार्मिक यात्राओं या पारिवारिक कारणों से आए थे, जबकि कुछ परिवार यहां स्थायी निवास का सपना भी देख रहे थे। इन सभी को रवाना कर दिया गया है। इंदौर के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पासपोर्ट विभाग ने लगातार पाकिस्तानी नागरिकों से संपर्क किया और उन्हें वाघा बॉर्डर के जरिए वापस भेजने की प्रक्रिया समझाई। इस पूरे अभियान की निगरानी एडिशनल डीसीपी प्रियंका धुर्वे कर रही थीं।

## रविवार रात ...

करीब 2,450 नागपुर में, 1,100 ठाणे में, 390 जलगांव में, 290 नवी मुंबई में, 290 पिंपरी चिंचवाड़ में, 120 अमरावती में और 15 मुंबई में थे। तेलंगाना में 208 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे थे। दक्षिणी तटीय राज्य केरल में 104 पाकिस्तानी नागरिक थे, जिनमें से 99 लंबी अवधि के वीज़ा पर थे। बचे पांच, जो पर्यटक या चिकित्सा वीज़ा पर थे, देश छोड़ चुके हैं। ओडिशा में करीब 12 पाकिस्तानियों की पहचान की गई है और उन सभी को देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करने को कहा गया है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि राज्य में अल्पकालिक वीजा पर आए तीन पाकिस्तानी नागरिकों को जाने को कहा गया है।

## भारतीय नौसेना ने की...

उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं।

**आईएनएस सूरत, दुश्मन की मिसाइल को हवा में नष्ट करने की क्षमता से है लैसः** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर ही भारत ने अपने शत्रुओं को एक सख्त संदेश देते हुए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण किया था। यह मिसाइल परीक्षण भारतीय नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर आईएनएस सूरत पर अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। नौसेना के मुताबिक इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की। नौसेना का यह विध्वंसक दुश्मन की मिसाइल को हवा में ही नष्ट करने की क्षमता से लैस है।

**पाकिस्तानी सेना बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहीः** आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिलाया हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तानी सेना बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए अपनी चौकियों से फायरिंग कर रही है। 26-27 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया है।

## सीहोर में पकड़ाया ...

*किया जाएगा। बताया जा रहा है कि बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद इरशाद ने वर्ष 2020 में फर्जी तरीके से सीहोर का आधार कार्ड और समग्र आईडी भी बनवा लिया था। उसने खुद के साथ अपनी पत्नी एवं बच्चों का भी आधार कार्ड बनवा रखा था। कोतवाली थाना पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस बात का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मोहम्मद इरशाद के साथ में और भी कई लोग सीहोर नगर सहित जिले में हो सकते हैं।*

## मप्र में सरकारी कर्मचारियों...

एक जनवरी 2025 से बढ़ाया गया है। एरियर का भुगतान पांच समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच किया जाएगा।

## दो बार महंगाई ...

करने के आदेश 17 अप्रैल को जारी किए जा चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के बीच महंगाई भत्ते के अंतर को पाटने की मांग काफी समय से की जा रही थी। बजट में 64 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से विभागों के स्थापना व्यय में प्रावधान रखा गया है।

## कर्मचारियों के ...

*लंबित थे, उन पर निर्णय लेकर आदेश भी जारी कर दिए। 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता तत्काल प्रभाव से लागू होगा। एरियर भी पांच समान किस्तों में अक्टूबर 2025 तक देंगे ताकि दीपावली का आनंद भी रहे।*

## 12 लोगों की मौत...

मौके पर पहुंच गए। जिला अस्पताल से ऑक्सीजन सिलेंडर भी मौके पर भिजवाए गए ताकि फंसे हुए लोगों को राहत दी जा सके। हादसा जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा-टकरावत फंटे पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। घायलों को बचाने के लिए कुए में उतरे दौरवादी निवासी मनोहरसिंह नामक युवक की भी गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई।

## चार दिन प्रदेश में...

बारिश होने से इन जिलों में तापमान में गिरावट रही। मौसम केंद्र के अनुसार तीन से चार दिन प्रदेश में बारिश का दौर चलेगा। दमोह, जबलपुर के आंचलिक हिस्से, छिंदवाड़ा और शहडोल तथा उमरिया के कुछ हिस्सों में मटर के बराबर ओले गिरे। जबलपुर-छिंदवाड़ा, सागर और डिंडौरी में तेज बारिश हुई। अगले चार दिन तक जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में विशेष रूप से हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान है। कुछ जगहों पर लू भी चल सकती है। सोमवार से मंगलवार सुबह तक अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, पांढुर्णा, मैहर के साथ ही विदिशा, रायसेन, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी में आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरेंगे।

## नौगांव में 10 डिग्री...

नौगांव में 10 डिग्री की रही, पारा 33 डिग्री रहा, जबकि सीधी में 6 डिग्री गिरकर 31.8 डिग्री रहा है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम पारा गुना में 41.6 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम रात का तापमान नौगांव में 18.8 डिग्री रहा।

## 30 अप्रैल से...

लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

# रायसेन से लापता युवती का रेलवे ट्रेक के पास मिला शव

**भोपाल।** रायसेन जिले में रहने वाली 19 साल की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह उसका शव मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल हाइट्स के पास रेलवे ट्रेक पर मिला है। पुलिस का कहना है कि युवती की मौत ट्रेन से टकराने से हुई है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम निहारपुर खुर्द जिला रायसेन निवासी संध्या गौड़ (19) मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। परिजन उसे इलाज के लिए गांव से रायसेन स्थित अस्पताल लेकर आए थे। इस बीच युवती अचानक वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। उसे परिजन उसे ढूंढते रहे और पुलिस से भी शिकायत की। इस बीच रविवार सुबह शीतल हाइट्स के पीछे मिसरोद इलाके में संध्या का शव रेलवे ट्रेन के पास पड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक चोट देखकर प्रतीत हो रहा है कि मौत ट्रेन से टकराने से हुई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवती रायसेन से भोपाल के रेलवे ट्रेक तक कैसे पहुंची। उसने आत्महत्या की है या दुर्घटनावश ट्रेन की चपेट में आई है।

# राजा भोज एयरपोर्ट पर नॉन शेड्यूल इंटरनेशनल फ्लाइट काठमांडू हुई रवाना

29 व 30 को हज के लिए अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय विमानतल से काठमांडू एयरपोर्ट के लिए नॉन शेड्यूल फ्लाइट का प्रचालन हुआ, इसमें कुल 8 लोग रवाना हुए। राजा भोज एयरपोर्ट पर सभी अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं इमिग्रेशन व कस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इस वर्ष विगत एक माह में यह चौथी बार विमानतल पर अंतरराष्ट्रीय प्रचालन किया गया। भोपाल विमानतल को पिछले वर्ष से इमिग्रेशन व कस्टम सुविधाओं का गजट नोटिफिकेशन हो चुका है 29 व 30 अप्रैल को हज अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट का भी प्रचालन होगा।

मालूम हो राजा भोज एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट शुरू नहीं की जा सकी है ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि दुबई व सिंगापुर के लिए अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट शुरू की जाए। इस संबंध में एयरवेज़ कंपनियों को प्रस्ताव भेजे गए हैं।

इंदौर में 4, भोपाल में 2 और जबलपुर में 3 नाबालिग चिन्हित

# भारतीय मां और पाकिस्तानी पिता के बच्चों के सामने दुविधा, अकेले कैसे जाएंगे पाकिस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- पीएचक्यू ने मांगा उच्च स्तर से मार्गदर्शन

केन्द्र सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक शार्ट टर्म वीजा लेकर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की गई थी यानि इसके बाद रहने वालों का अवैध माना जाएगा। मध्यप्रदेश में कुछ ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिसमें मां भारतीय और पिता पाकिस्तानी है। ऐसे नाबालिगों के सामने एक दुविधा खड़ी हो गई है कि वे अकेले कैसे पाकिस्तान जाएंगे। हालांकि पुलिस मुख्यालय ने इस स्पेशल मामले की श्रेणी में रखा है। अभी इस तरह के मामलों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में उच्च स्तर से मार्गदर्शन मांगा है। हालांकि पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने की गाइड लाइन केन्द्र सरकार की है ऐसे में राज्य सरकार बिना केन्द्र की अनुमित से कोई अलग निर्णय नहीं ले सकती। मध्यप्रदेश में देखा जाए तो इंदौर में 4, भोपाल में 2 और जबलपुर में ऐसे 3 बच्चे चिन्हित हुए हैं, जिनकी मां भारतीय और पिता पाकिस्तानी हैं। केन्द्र की गाइड लाइन के मुताबिक इन बच्चों को भी भारत में रहने का अधिकार नहीं है। हालांकि पुलिस मुख्यालय ने इस तरह के मामले को स्पेशल केटेगिरी में डाला है। साथ ही उच्च स्तर से दिशा निर्देश मिलने के बाद ही इस पर कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। विदित हो कि भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानी वीजा धारकों को देश छोड़ने का निर्देश दिया है जिसमें शार्ट टर्म को 27 अप्रैल और मेडिकल वीजा धारकों को 29 अप्रैल तक का समय निर्धारित है। आईजी लॉ एंड आर्डर अंशुमान सिंह का कहना है कि इंदौर, भोपाल और जबलपुर में ऐसे कुल 9 बच्चे चिन्हित हुए हैं, जिनकी मां भारतीय और पिता पाकिस्तानी हैं। ऐसे मामलों में कार्यवाही के संबंध में उच्च स्तर से मार्गदर्शन मांगा गया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

# पेज एक का शेष

## कॉन्क्लेव में 2815.5...

इरादों को निवेश में और 'नीतियों को क्रियान्वयन' में बदल रहे हैं। इन्वेस्टर्स समिट को हुए अभी 60 दिन ही हुए हैं और इस अल्प समय में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हमारी 'प्रॉमिस्ड डिलीवरी' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 के निवेश इरादों को ठोस निवेश में बदलना, राज्य में तकनीकी विकास के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। इसके अलावा नए आईटी पार्क, सेंट्रल ऑल एक्सीलेंस इनक्यूबेटर्स की स्थापना, प्रमुख बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के लिए भूमि-पूजन कर आधारशिला रखना प्रमुख है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कॉन्क्लेव से लगभग 2815.5 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 27 हजार 760 रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में भूमि पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं।

**प्रत्यक्ष रूप से लगभग 7000 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआः** -कास्ट एनएक्स (देवास स्थित ईएसडीएम स्टार्टअप)- पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और एआई-आईओटी समाधानों में विशेषज्ञता लिए यह संस्थान देवास में स्थित है, इसमे लगभग 20 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जो सीधे तौर पर लगभग 150 लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। वर्कि-टेक पार्क- यह एक आईटी, आईटीईएस इकाई है जो जिसकी सौगात इंदौर को मिली है। इस प्रोजेक्ट में लगभग 20 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 7000 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

## सीसीआईपी के तहत 5...

है। इनके जरिए इंदौर के सुपर कॉरिडोर में आईटी बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा, जिसका निर्मित क्षेत्र लगभग 20 लाख वर्ग फुट होगा। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित निवेश लगभग 1000 करोड़ रुपए है, जिस से प्रत्यक्ष रूप से 15000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

## मुगलकाल आउट और...

में आयोजित 2025 महाकुंभ मेले का संदर्भ भी शामिल है। इसके अलावा, इसमें विभिन्न चैप्टर्स में कई संस्कृत शब्दों को भी शामिल किया गया है, जैसे कि जनपद, सम्राज्य, अधिराज, और राजाधिराज आदि। एनसीईआरटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि किताब का पार्ट-2 भी आने वाले महीनों में जारी होने वाला है। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि पार्ट-1 में 12 अध्याय हैं, जिन्हें शैक्षणिक सत्र के पहले छह महीनों के दौरान पढ़ाया जाएगा। पार्ट-2 में कई अतिरिक्त विषय शामिल होने की उम्मीद है, इसलिए हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इसके जारी होने का इंतजार करें।

## भारतीयता पर ...

आसान और छोटा बनाने का हिस्सा था। नई किताबों ने अब उनके सभी संदर्भ हटा दिए हैं। पुस्तक में अब सभी नए अध्याय हैं जिनमें मुगलों और दिल्ली सल्तनत का कोई उल्लेख नहीं है।
किताब की प्रस्तावना में, एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी लिखते हैं कि किताब उन मूल्यों को एकीकृत करती है जिन्हें हम अपने छात्रों में विकसित करना चाहते हैं, यह भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में निहित है और उम्र के अनुसार वैश्विक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

# राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5850



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5849 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5860

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5859 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### रिलायंस रिटेल के मुनाफे में 29 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा कारोबार इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 29.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,545 करोड़ रुपये रहा है।

### विलय के बाद जियोस्टार का राजस्व 10,006 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली।** रिलायंस के मीडिया कारोबार और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने 774 करोड़ रुपये की कर-पूर्व कमाई के साथ 10,006 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। जियोहॉटस्टार ने पांच सप्ताह के भीतर भुगतान वाले 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया।

### एथर एनर्जी ने बड़े निवेशकों से जुटाए 1340 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी 28 अप्रैल को अपना 2,981 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। इसका मूल्य दायरा 304-321 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एथर एनर्जी ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

### नोकिया इंडिया ने वीआईएल में एक फीसदी हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में 786 करोड़ रुपये में बेच दी। नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने 102.70 करोड़ शेयर बेचे, जो वोडाफोन आइडिया में 0.95 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

### आरबीएल बैंक का शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत गिरा



**मुंबई।** असुरक्षित ऋण में समस्या आने से जनवरी-मार्च तिमाही में आरबीएल बैंक का एकीकृत आधार पर शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.99 करोड़ रुपये रह गया। तिमाही में 364 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था और उससे पिछली दिसंबर तिमाही में यह मुनाफा 47 करोड़ रुपये था।

### केनरा रोबेको का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल

**नई दिल्ली।** केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। संपत्ति प्रबंधन कंपनी ने ऐसे समय में मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं, जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण आईपीओ बाजार में सुस्ती चल रही है। आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तकों द्वारा 4.98 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा जिसमें कोई नया निर्गम घटक नहीं है।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा करेगी एसएमएल इसुजु का टेकओवर, 555 करोड़ होंगे निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी के टेकओवर के लिए ओपन ऑफर भी लाएगी। इस डील की जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सभी के साथ साझा किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा इस डील के तहत एसएमएल के प्रमोटर सुमितो कॉरपोरेशन से 43.96 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी। वहीं, एसएमएल इसुजु लिमिटेड के पब्लिक शेयर होल्डर्स से कंपनी 15 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

- कंपनी 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए करेगी खर्च

महिंद्रा एंड महिंद्रा को इसके बाद 26 प्रतिशत हिस्सा खरीदना ही होगा। सेबी के नियमों के अनुसार महिंद्रा एंड महिंद्रा को अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाना होगा।

## महिंद्रा ने 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का किया ऐलान

### महिंद्रा के शेयर एक साल में 36 फीसदी चढ़े

शुक्रवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर बीएसई में 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2862.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल के दौरान 36 प्रतिशत की तेजी आई है। अब सोमवार यानी कल कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे।




### दिग्गज कंपनी है एसएमएल इसुजु

एसएमएल इसुजु एक स्थापित और लोकप्रिय ब्रांड है। कंपनी की मौजूदगी देश भर में है। एसएमएल इसुजु आईएलसीवी सेगमेंट में एक लीडिंग कंपनी है। बस सेगमेंट में एसएमएल इसुजु की कुल हिस्सेदारी 16 प्रतिशत की है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग रेवन्यू 2196 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, इबिडाटा इस दौरान 179 करोड़ रुपए रहा था।

### महिंद्रा की पोजीशन होगी मजबूत

इस प्रस्तावित अधिग्रहण से महिंद्रा एंड महिंद्रा की 3.5 टन कॉमर्शियल सेगमेंट में स्थिति और मजबूत हो जाएगी। मौजूदा समय में महिंद्रा एंड महिंद्रा का इस सेगमेंट में 3 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 3.5 टन एलसीवी सेगमेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है। महिंद्रा एंड महिंद्रा का कहना है कि इस अधिग्रहण के बाद उनका मार्केट शेयर 6 प्रतिशत हो जाएगा।

## पिछले आठ वर्षों में 18 पीएसयू कंपनियां हुई सूचीबद्ध

# सीपीएसई के आईपीओ निवेशकों को आठ साल में बंपर रिटर्न मिला, मझगांव डॉक सबसे ऊपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले आठ वर्षों में सूचीबद्ध 18 सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में 15 ने बंपर रिटर्न दिया है। इनमें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स सबसे ऊपर है, जिसने निवेशकों को 37 गुना तक अमीर बनाया।

विश्लेषण से पता चलता है कि बीमा कंपनियों को छोड़कर, मई 2017 से सूचीबद्ध सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) ने निवेशकों को सकारात्मक प्रतिफल दिया। इनमें विशेष रूप से पोत परिवहन और रेल क्षेत्रों की कंपनियां सबसे आगे रहीं।

### आईआरसीटीसी ने दिया 1000 प्रतिशत रिटर्न

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने आईपीओ निवेशकों को 1,000 प्रतिशत से अधिक का प्रतिफल दिया।




**सार्वजनिक क्षेत्र की 15 कंपनियों ने दिया बंफर रिर्टन**
**डॉक शिपबिल्डर्स ने निवेशकों को 37 गुना अमीर बनाया**
**लाभ देने में पोत और रेल विकास निगम सबसे आगे रहे**

### आईआरसीटीसी बढ़कर 3872 पहुंचा

रेलवे सीपीएसई में, आरवीएनएल ने 1,866 प्रतिशत का प्रतिफल दिया। कंपनी का शेयर 2019 में 19 रुपये के आईपीओ मूल्य से बढ़कर इस समय 373.6 रुपये पर पहुंच गया है। इसी तरह आईआरसीटीसी के शेयर 2019 में 320 रुपये से बढ़कर 3,872.75 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए।

### एचएएल ने भी दिया अच्छा रिटर्न

रक्षा क्षेत्र के सीपीएसई - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स (बीडीएल) ने आईपीओ निवेशकों को क्रमशः 605 प्रतिशत और 558 प्रतिशत का प्रतिफल दिया।

### रेलवे का प्रदर्शन रहा बेहतर




क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि रेलवे और पोत परिवहन सीपीएसई ने अन्य क्षेत्रों के सीपीएसई से बेहतर प्रदर्शन किया है। मझगांव डॉक 2020 में 145 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। दिसंबर 2024 में शेयर विभाजन के बावजूद 22 अप्रैल, 2025 को यह 5,510.2 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।




*इरेडा 458 प्रतिशत चढ़ा : भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के शेयर 2023 में 32 रुपये के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए और 458 प्रतिशत बढ़कर 178.6 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान न्यू इंडिया एश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) के शेयरों में गिरावट हुई।*

**कोचीन शिपयार्ड 2017 में हुआ सूचीबद्ध :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स 2018 में 118 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। इस समय शेयर की कीमत 1,733.9 रुपये प्रति शेयर है। कोचीन शिपयार्ड 2017 में सूचीबद्ध हुआ था। इसका शेयर 432 रुपये के आईपीओ निर्गम मूल्य से बढ़कर 2,979.7 रुपये पर है। यह प्रतिफल शेयर विभाजन के बावजूद है।



# एआई का मतलब कौशल विकास, नौकरी खत्म होना नहीं: टीसीएस



- कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई के वैश्विक प्रमुख अशोक कृष ने कहा कि एआई नई प्रौद्योगिकियों के सृजन को बढ़ावा देगी तथा कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी।

कृष ने कहा कि एआई को कौशल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि नौकरियों के लिए खतरे के नजरिए से। कृष ने बातचीत में बताया कि एआई केवल एक प्रौद्योगिकी बदलाव नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन है जिसके लिए ऐसे कार्यान्वयन के साथ-साथ लोगों के काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। पिछले तीन दशकों में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों - मेनफ्रेम से लेकर इंटरनेट, ई-कॉमर्स, डिजिटल और क्लाउड तक की बार-बार लहरें देखी गई हैं। प्रत्येक बदलाव ने भविष्य की संभावनाओं के बारे में आशंकाएं और कभी-कभी 'भयभीत करने वाली' भावनाएं पैदा की हैं। व्यापक रुझान को देखते हुए, उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ़ अगला विकास है, जो अंततः अधिक प्रौद्योगिकी के निर्माण की ओर ले जाएगा, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। कृष ने कहा, "इसलिए मुझे लगता है कि इसे नौकरी घटने के नजरिए से देखना गलत है और यह कौशल विकास का एक अवसर है।"

### काम की प्रकृति भिन्न होगी

कृष ने कहा कि एआई मौजूदा तकनीक का विस्तार करेगा, लेकिन इसके जरिये किए जाने वाले काम की प्रकृति भिन्न होगी।

# रिलायंस ने सौर ऊर्जा विनिर्माण की अपनी पहली इकाई शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौर पैनलों के निर्माण के लिए अपनी पहली इकाई चालू कर दी है और बैटरी भंडारण उत्पादन सुविधाओं का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

कंपनी ने निवेशकों के समक्ष प्रस्तुति में यह जानकारी दी।

रिलायंस ने 2021 में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और हाइड्रोजन को कवर करते हुए 10 अरब डॉलर की योजना का अनावरण किया था क्योंकि इसने 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति का अनुसरण कर रही है। रिलायंस भारत का सबसे बड़ा समूह है, जो तेल और पेट्रोकेमिकल्स से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र तक में सक्रिय है।

शुक्रवार को पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की आय की घोषणा करते हुए एक निवेशक प्रस्तुति पोस्ट में रिलायंस ने कहा, "सौर पीवी मॉड्यूल की पहली लाइन चालू हो गई है। उद्योगपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित यह कंपनी अदाणी समूह, टाटा, वारी एनर्जी और विक्रम सोलर जैसी कंपनियों में शामिल हो गई है जो सौर पीवी मॉड्यूल बनाती हैं। सरकार ने जून, 2026 से सभी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को स्थानीय स्तर पर उत्पादित सेल से बने सौर पीवीजेड मॉड्यूल का उपयोग करने का आदेश दिया है, ताकि चीनी आयात पर निर्भरता कम की जा सके और घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा दिया जा सके।



- 10 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य
- कंपनी जामनगर में 5,000 एकड़ की जगह पर 'गीगा फैक्ट्रियां' बना रही

### तीन प्रकार के सेल का होगा उत्पादन

घरेलू सौर पैनल विनिर्माण भारत को 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। रिलायंस गुजरात के जामनगर में 5,000 एकड़ की जगह पर 'गीगा फैक्ट्रियां' बना रही है, जहां फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल, बैटरी, हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर और ईंधन सेल का उत्पादन किया जाएगा।

# पोटाश खनन में हिंदुस्तान जिंक के उतरने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) पोटाश खनन में उतरने की योजना बना रही है और राजस्थान में एक ब्लॉक पर नज़र गड़ाए हुए है, जिसमें लिथियम भंडार होने की भी अच्छी संभावना है।

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत पोटाश के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है और इसे कम करने के तरीकों की खोज कर रहा है। भारत का पोटाश आयात मुख्य रूप से रूस, कनाडा, बेलारूस और इज़राइल जैसे देशों से आता है। कंपनी मूल धातुओं- जस्ता और सीसा और कीमती धातु चांदी के साथ-साथ सभी महत्वपूर्ण खनिजों से परे विस्तार करने की योजना बना रही है जो कंपनी के लिए रणनीतिक हित में हैं। हिंदुस्तान जिंक को राजस्थान में दुगोचा गोल्ड ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कीमती धातुओं के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ। "हम सभी महत्वपूर्ण खनिजों में विस्तार करेंगे, जो भी हमारे लिए रणनीतिक हित में है, जिसमें न केवल खनिज शामिल हैं, बल्कि पोटाश भी शामिल है।



- वेदांता समूह की कंपनी है हिंदुस्तान जिंक
- राजस्थान में एक ब्लॉक पर नजर गड़ाए हुए है

### कंपनी सभी खनिज ब्लॉकों के नीलामी में भाग लेगी

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को आंध्र प्रदेश में बालेपालयम टंगस्टन ब्लॉक आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी देश में होने वाले सभी खनिज ब्लॉकों की नीलामी में भाग लेने पर विचार कर रही है।

## डिक्सन इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश करेगी और निर्यात पर विचार करने से पहले उन्हें निजी जरूरतों के लिए उपयोग करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सरकार द्वारा शुरू की गई 23,000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के विनिर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस संबंध में भेजे गए प्रश्न पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस संबंध में भेजे गए प्रश्न पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के बारे में बात करते हुए। डिक्सन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अतुल लाल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा कंपनी के लिए विकास का अगला चरण है। लाल ने कहा, "हमने डिस्प्ले मॉड्यूल के लिए पहले ही एक परियोजना शुरू कर दी है। हम कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल एनक्लोजर और लिथियम आयन बैटरी जैसी विभिन्न अन्य कलपुर्जा श्रेणियों का मूल्यांकन कर रहे हैं।




## दुनिया की मशहूर चिप बनाने वाली कंपनी है इंटेल

# इंटेल में होगी बड़ी छंटनी, हजारों कर्मियों से लिया जा सकता है इस्तीफा

इंटेल अपने स्टाफ का 20 फीसदी से ज्यादा हिस्सा घटाने का ऐलान कर सकती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की मशहूर चिप बनाने वाली कंपनी इंटेल एक बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। खबर है कि इस हफ्ते इंटेल अपने स्टाफ का 20 फीसदी से ज़्यादा हिस्सा घटाने का ऐलान कर सकती है। कंपनी के नए सीईओ लिप-बू तान, जो पिछले महीने ही पदभार संभाले हैं, मैनेजमेंट को स्लिम बनाने और इंजीनियरिंग पर फोकस बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं।

एनडीटी प्रॉफिट की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी का ये कदम ब्यूरोक्रेसी कम करने और इंटेल की मूल पहचान, यानी टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को फिर से मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा है। इससे पहले भी, पिछले साल अगस्त में, इंटेल ने करीब 15,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी। 2024 के अंत तक कंपनी के कर्मचारियों की संख्या घटकर 1,08,900 रह गई थी, जबकि 2023 में यह 1,24,800 थी।

### इंटेल को फिर से खड़ा होने में काफी समय लगेगा

तान ने हाल ही में कहा था कि इंटेल को अपनी इंजीनियरिंग टैलेंट वापस लानी होगी, बैलेंस शीट मजबूत करनी होगी और मैन्युफैक्चरिंग को कस्टमर की जरूरतों के मुताबिक ढालना होगा। गुरुवार को इंटेल अपनी पहली तिमाही के नतीजे पेश करेगी। माना जा रहा है कि तब तान अपनी रणनीति को और विस्तार से बताएंगे। हालांकि, वॉल स्ट्रीट के अनुमानों के मुताबिक, इंटेल की बिक्री में गिरावट का सबसे बुरा दौर शायद अब बीत चुका है, लेकिन कंपनी के पुराने स्तर तक लौटने में अभी काफी साल लग सकता है।




### गैर-जरूरी यूनिट बेची जाएगी

लिप-बू तान, जो पहले कैडेंस डिज़ाइन सिस्टम्स से जुड़े रहे हैं, अब इंटेल को फिर से खड़ा करने का बीड़ा उठाए हुए हैं। उनका प्लान है कि कंपनी के गैर-जरूरी बिजनेस यूनिट्स को बेचा जाए और ज्यादा दमदार प्रोडक्ट्स पर फोकस किया जाए। इसी दिशा में, पिछले हफ्ते इंटेल ने अपनी प्रोग्रामेबल चिप यूनिट अलटेरा का 51 फीसदी हिस्सा सिल्वर लेक मेंनेजमेंट को बेचने का फैसला किया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गौहरगंज जिला रायसेन**

**प्रकरण क्रमांक- 0012/अ-16/2024-25**
**प्रकरण क्रमांक- 0008/अ-16/2024-25**

-: (इश्तहार):-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन के पत्र कमांक 446/आर.एम./आर.आर.सी./2025 दिनांक 14/01/2025 द्वारा माननीय रेरा द्वारा जारी आरआरसी क्रमांक M-OTH-18-1162 की वसूली की राशि ₹8,59,326/- (आठ लाख, उन्सठ हजार, तीन सौ, छब्बीस रुपये) बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित +₹25/- एवं इस कार्यालय के एक अन्य प्रकरण क्रमांक 0008/अ-16/2024-25 में कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन के पत्र क्रमांक 447/आर.एम./आर.आर.सी./2025 दिनांक 14/01/2025 द्वारा माननीय रेरा द्वारा जारी आरआरसी क्रमांक M-OTH-18-1161 की वसूली की राशि ₹8,59,326/- (आठ लाख, उन्सठ हजार, तीन सौ, छब्बीस रुपये) + बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित +₹25/- इस प्रकार कुल राशि ₹17,18,652/- (सत्रह लाख अठ्ठारह हजार छः सौ बावन रुपये) एवं बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित +₹50/- को अनावेदक मेसर्स अल्टिडो बिल्डकॉन द्वारा श्री सिद्धार्थ सिन्हा आ. कुलदीप सिन्हा ई-4/339, अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. की ग्राम भोजपुर स्थित खसरा क्रमांक 88/1/1/2 रकवा 0.405 हैक्टेयर कृषि भूमि की कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही कर रेरा वसूली की राशि का भुगतान आवेदक श्री पुनीत खरे, मकान नं बी-9, साई गार्डन परिसर, कालीबाड़ी रोड, अवधपुरी भोपाल म.प्र. एवं श्रीमती वैशाली खरे, मकान नं बी-9, साई गार्डन परिसर, कालीबाड़ी रोड, अवधपुरी भोपाल म.प्र. को किया जाना है। अनावेदक मेसर्स अल्टिडो बिल्डकॉन, द्वारा श्री सिद्धार्थ सिन्हा आ. कुलदीप सिन्हा ई-4/339 अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. की ग्राम भोजपुर स्थित खसरा क्रमांक 88/1/1/2 रकवा 0.405 हैक्टेयर कृषि भूमि का बाजार मूल्य 68,95,920/ रुपये (अढसठ लाख पंचावे हजार, नौ सौ बीस रुपये) मे या उससे अधिक में नीलाम किया जाना है। एतद्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक से पूर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता है तो उक्त नीलामी की कार्यवाही न्यायालय तहसीलदार तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मे दिनांक 8 मई 2025 को समय दोपहर 1:00 बजे खुली बोली के आधार पर की जावेगी। जिसके मूल्य की जानकारी निम्नानुसार है- **खाता का विवरण** - ग्राम भोजपुर स्थित खसरा क्रमांक 88/1/1/2, **क्षेत्रफल**- रकवा 0.405 हैक्टेयर, **भूमि का बाजार मूल्य वर्ष 2024-25 के अनुसार नीलाम राशि का**- 68,95,920/ रुपये (अढसठ लाख पंचावे हजार, नौ सौ बीस रुपए, **वसूली हेतू राशि** - राशि ₹17,18,652/- (सत्रह लाख अठ्ठारह हजार छः सौ बावन रुपये) एवं बकाया राशि पर रेरा। आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित +₹50/- यदि नीलामी की कार्यवाही किसी कारणवस निर्धारित दिनांक 8 मई 2025 को सम्पन्न नहीं की जा सकेगी तो अगले कार्य दिवस में नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 24 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

**तहसीलदार**
**तहसील गौहरगंज जिला रायसेन**

**कार्यालय संचालक, राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र, (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण),**
**भदभदा रोड, भोपाल**

क्रमांक / प्रशि./202526/350 — भोपाल, दिनांक 24/04/2025

**संशोधन पत्रक**

आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए समाचार पत्रों में पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक जी-24831/24 दिनांक 27.03.2025 के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22.04.2025 निर्धारित की गई थी, उक्त तिथि में आंशिक संशोधन कर 13.05.2025 किया जाता है। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**संचालक**
**राज्य स्तरीय रोज. एवं प्रशि. केंद्र,**
**(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल**

जी - 12081/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड, भोपाल म.प्र.**
Tele. No.0755-2551837 | E-mail: hegbsccbho@mp.gov.in | Website: www.gscbhopal

S.No. 895/2025 — Bhopal, Date 22/04/2025

Notice Inviting E-Tender

Online E-Tender/Bids are invited for the following works from Experienced Contractors & Firms who/which fulfill the eligibility criteria.

| S.No. | System-Tender No. | Name of Work | EMD & Tender Form Cost | Date of Downloading & Submission Online | Date of Opening Bid (Envelop A) | Financial Bid (Envelop C) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2025_HED_418248 | Computer/Printer | Rs. 11.500/- Rs. 2000/- | From 28.04.2025 To 19.05.2025 5:00 PM | 21.05.2025 11:00 am | Shall be informed online after Technical Evaluation |
| | 2025_HED_418249 | Furniture | Rs. 14.500/- Rs. 2000/- | | | |

Note: Amendment of NIT if any would be published on website only and not in any newspaper.

For more Details see website https://www.mptenders.gov.in

Website: gscbhopal.in , E-mail: hegbseebho@mp.gov.in

**PRINCIPAL**
Govt Dr Shyama Prasad Mukherjee Science & Commerce College Kolar Road, Bhopal MP

जी - 12033/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# अत्यधिक गरीबी में कमी सुखद, पर चुनौती बाकी

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहे भारत के लिए पहलगाम आतंकी घटना की पीड़ा के बीच गरीबी के मोर्चे पर सकारात्मक खबर आई है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच करीब दस वित्त वर्ष में भारत ने 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। गरीबी के खिलाफ भारत की यह बड़ी जीत है। सतत विकास व जनकल्याण योजनाओं के लगातार कार्यान्वयन से सरकार को अत्यधिक श्रेणी की गरीबी को कम करने में मदद मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी आई है, इससे पता लगता है कि देश में रोजगार से लेकर स्वरोजगार की स्थिति बेहतर हुई है और सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं का असर पड़ा है। विश्व बैक की इस रिपोर्ट के अनुसार अब भारत निम्न-मध्यम आय वर्ग के देशों में शुमार हो गया है। इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक की हालिया 'पोवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 से 2022-23 तक के दशक में अत्यधिक गरीबी 16.2 प्रतिशत से घटकर 2.3 फीसदी हो गई। अत्यधिक गरीबी को प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर (लगभग 172 रुपये) से कम आय के रूप में परिभाषित किया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4% से घटकर 2.8% हो गई और शहरी क्षेत्रों में 10.7% से 1.1% हो गई, जिससे ग्रामीण-शहरी अंतर 7.7 से 1.7 प्रतिशत अंक तक कम हो गया। ये 16 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट है। गावों और शहरों दोनों में अत्यधिक गरीबी में कमी आना दर्शाता है कि देश प्रगति पथ पर है। हालांकि अधिकांश राज्यों में गरीबी अभी भी बड़ी समस्या है, बेरोजगारी चिंता का विषय है, स्वरोजगार की स्थिति कमजोर है, कई राज्यों की वित्तीय स्थिति भी अच्छी नहीं है। लेकिन कुछेक राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश, 2011-12 में देश के 65% अत्यधिक गरीबों के लिए जिम्मेदार थे। इन राज्यों ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई कमी में योगदान दिया। हालांकि, ये राज्य अभी भी 54% अत्यधिक गरीब और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। अत्यधिक गरीबी कम होने में महिलाओं को मिले रोजगार की अहम भूमिका है। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। गरीबी पर नीति आयोग 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ। भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है। पिछले 9 सालों में 17.89% की कमी आई। यह आंकड़ा बेशक राहत देने वाला है, लेकिन अत्यधिक गरीबी और बहुआयामी गरीबी उन्मूलन की दिशा में अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। इसमें मनरेगा, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना जैसे रोजगारपरक कार्यक्रम को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। भारत के लिए लो मिडिल इनकम ग्रुप में से मध्यम मिडिल इनकम ग्रुप व हाई मिडिल इनकम ग्रुप के देशों में शामिल होने की चुनौती है। चूंकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है, इसलिए गरीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।



पहलगाम

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आतंक का करारा जवाब देना जरूरी

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला किया, यह भारत जैसे तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है।

आतंकवाद से भारत की आत्मा को कुचलने की पहलगाम में क्रूर कोशिश की गयी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में इन आतंकवादी घटनाओं के बाद जो औपचारिकताएं की जाती रही हैं, उसको दुहराया गया है। सुरक्षा परिषद में सम्मिलित 15 देश विश्व को सन्देश देकर कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अन्तरराष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा के लिए सबसे गम्भीर ख़तरों में से एक है, ऐसा कह दिया है। सुरक्षा परिषद ने इस 'निंदनीय आतंकी कृत्य' के दोषियों, इसे अंजाम देने वालों, उनकी वित्तीय मदद करने वालों और प्रायोजकों की जवाबदेही तय करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित भी किया। लेकिन सवाल यह है कि अब तक के आतंकवादी इतिहास के बाद ऐसे वक्तव्य कितने कारगर साबित हुए और क्या यहीं तक अब जिम्मेदारियां निभाने की रस्म काफी हैं?

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? निःसंदेह देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने जम्मू-कश्मीर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में पर्यटकों पर जो हमला किया और उसमें 26 लोगों को मार दिया गया, यह भारत जैसे मजबूत व तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है। यह जन हानि नहीं है, बल्कि यह भारत को चुनौती दी गयी है। हथियारबंद चरमपंथी कोई एक दिन की फसल नहीं हैं। ये वे नासूर हैं जो अपने हथियारों के साथ क्रूर खेल खेल गए। यह लोग नशे में चूर ऐसी कौम से आते हैं जो इंसानियत में न विश्वास करते हैं और न ही शांति, अमन-ओ-चैन में, इससे यह पता चला है। इन्हें जहां से भी खाद-पानी मिला है, वे पूरी सभ्यता के दुश्मन हैं, यह बात तो सिद्ध हो गयी है। पहलगाम में क्रूरता की सारी हदें पार करके धर्म, संस्कृति व अस्मिता को चोट पहुंचाकर इन लोगों ने भारत को भयभीत करने की मंशा से इस घटना को अंजाम दिया है लेकिन एक बात यह भी सही है, जो उन्हें समझना चाहिए कि आतंकवाद का सहारा लेने वाले सबसे बड़े कायर व भयभीत लोग हैं। सच यह है कि इन्हें न ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सन्देश से कोई असर पड़ने वाला है, न ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस के सन्देश से लेना-देना है। यह लोग सुधरने वाले भी नहीं हैं। भारत को ऐसे में क्या करना चाहिए, आज यह जटिल सवाल है। भारत ने ऐसे विपरीत समय में संयम से फिर भी काम लिया है। वह अगर एकतरफ़ा कार्रवाई पर विचार करे तो यह उसका अब नैतिक कर्त्तव्य के रूप में ही लिया जाना चाहिए। भोले-भाले लोगों को जो पर्यटन के लिए, अपना जीवन जीने के लिए जम्मू पहलगाम आए, उनका आना उनके जीवन का अंतिम अध्याय बन गया। ऐसे में सरकार यदि कोई कारगर कदम उठाए तो यह कार्रवाई निश्चय ही सभी देशों की ओर से समर्थन पाने



का अधिकारी है। सवाल यह भी है कि आखिर भारत के बहुसंख्यक क्यों सहें? वे इतना विवश ही क्यों होकर जियें वो भी अपने ही देश में? वैसे देखा जाए तो चरमपंथी भले ही अपने मन को तसल्ली दे रहे हों, लेकिन कश्मीर का कितना आर्थिक नुकसान इन लोगों ने किया है, उसका अंदाज़ा भी नहीं है उन्हें। करोड़ों लोगों के आगमन का रास्ता उन्होंने रोक दिया। उभरती हुई कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था की भी उन्होंने इस नरसंहार के साथ हत्या कर दी। भारतीय भोली चेतना के ऊपर इसका गहरा असर हुआ है। यह वर्षों तक मानस पर बने रहने वाला है। असुरक्षा के भाव को निकालना किसी भी देश के लिए बहुत आसान नहीं है। निःसंदेह भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने धारा 370 में बदलाव के साथ जिस कश्मीर में बदलाव की उम्मीद की व तत्परता से इस क्षेत्र को नया परिवेश देने की कोशिश की उस पर इस घटना ने ग्रहण लगा दिया। यद्यपि यह तय है कि भारत सरकार अपनी प्रतिबद्धता से भारतीय मानस में पुनः विश्वास तो हासिल कर लेगी, लेकिन इसमें वक्त लगेगा। चरमपंथी व उनको सहयोग करने वाले लोगों को ज़रूर इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्होंने अपने ही लोगों के बढ़ते व्यापार, आमदनी व उनकी खुशहाली के साथ क्या किया? उन्होंने कश्मीर के साथ क्या किया? उन्होंने अपने भारतीय भाइयों के साथ क्या किया जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद पुनः उनके साथ मिलजुलकर आगे बढ़ने का मन बना चुके थे? यह ठीक नहीं किया। आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान तो बिलकुल नहीं है। हिंसा सभी आने वाले अवसरों पर दुधारी तलवार की तरह होती है और आतंकवाद का तो सहारा लेने वाले आत्महंता होते हैं। इनके जैसा कोई कायर होता ही नहीं है। उन्होंने किसी मनुष्य को नहीं मारा है बल्कि खुद को मारा है लेकिन वे समझें तो समझें कैसे? भारत में सहिष्णुता को चोट पहुंचाने वाले, देश को तोड़ने वाले, देश में अस्थिरता पैदा करने वाले लोग सैकड़ों वर्षों से ऐसे क्रूर षड्यंत्र करते रहे हैं लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं। उन्हें आगे भी सफलता नहीं मिलने वाली है। यदि कुछ बड़ा कदम भारत ने उठा लिया तो निश्चय ही वे लोग इसमें पिस जाएंगे जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। जो अपना जीवन शांति से जीना चाहते हैं, उनका अहित ज़रूर होगा। आखिर कोई भी देश कब तक ऐसी पिशाच शक्तियों के घृणित कार्य के सामने चुप बैठेगा? उसे कोई न कोई निर्णायक पहल करनी ही पड़ेगी। यह किसी सुरक्षा परिषद की निंदा से तो बात बनने वाली नहीं ही है। हालांकि भारत ने बहुत आत्मनियंत्रित होकर वैश्विक शांति का पक्षधर होने की मिसाल प्रकट की है। यदि देश के वे लोग और पड़ोसी देशों के वे लोग जो इस आंच में किसी अहितकारी बुरे वक्त की आहट को समझ पा रहे हैं तो उन्हें इस पर ज़रूर विचार करना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को यहीं विराम मिले। यदि वे इसमें घी डालकर आग को और अधिक हवा देना चाहेंगे तो निश्चय ही इसमें धन, जन सबकी हानि होगी। ऐसे में आज जो परिस्थितियां हैं, वह बहुत ही विचित्र, वीभत्स और मनुष्यता के विपरीत हैं। इसे रोकना मानवाधिकारों व मनुष्यता में विश्वास करने वालों का दायित्व है। यद्यपि यह घटना अक्षम्य है लेकिन इसके एवज में यदि हिंसा का सहारा लेकर कार्रवाई हुईं तो उसमें केवल हानि ही हाथ लगेगी। जिनके परिवार के लोगों ने अपना जीवन गंवा दिया और जिन परिवारों ने अपने सामने सबकुछ लुटते हुए देखा है, वह अकल्पनीय और अविस्मरणीय है। जिस दिन इसे महसूस करके इस पर भी हमारा मन, मानस यह बात बिठा सका कि ऐसी पुनरावृति न हो, वह भी मनुष्यता की बड़ी जीत होगी। सहिष्णु भारत को आतंक की चोट करने वाले इससे निश्चय ही मात खायेंगे।

(लेखक महामहिम राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट

सुनील कुमार महला




# अत्यधिक गरीबी उन्मूलन की दिशा में महती प्रगति

पहलगाम आतंकी हमले की बहुत ही दुखद खबर के बाद हाल ही में विश्व बैंक से एक अच्छी खबर आई है। यह खबर ग़रीबी उन्मूलन पर है। गरीबी वास्तव में एक बहुत बड़ी व ज्वलंत समस्या है। यदि हम यहां गरीबी की साधारण परिभाषा की बात करें तो बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन या संसाधनों की कमी होना, जैसे भोजन, कपड़े, और आवास ग़रीबी के अंतर्गत माना जाता है। ऐसी स्थितियों में एक आम आदमी को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता है। अमूमन गरीबी को तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है, जिनमें क्रमशः निरपेक्ष, सापेक्ष और बहु-आयामी गरीबी को मान सकते हैं। यदि निरपेक्ष गरीबी की बात करें तो एक निश्चित आय स्तर से नीचे होना इसमें आता है। वहीं सापेक्ष गरीबी समाज में अन्य लोगों की तुलना में गरीब होने को शामिल करती है तथा बहुआयामी गरीबी आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के अभाव को शामिल करती है। बहरहाल, अच्छी खबर यह है कि 10 साल में भारत के 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकले हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत ने वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 17 करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है और इस दौरान यह दर 16.2 प्रतिशत से घटकर मात्र 2.3 प्रतिशत ही रह गई है। तात्पर्य यह है कि भारत में 171 मिलियन लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर जहां 2.8 प्रतिशत रह गई है, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत से घटाकर 1.7 प्रतिशत रह गया है, जो सालाना 16 प्रतिशत की गिरावट है। दरअसल, 37.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा है और यह काबिले-तारीफ है कि भारत ग़रीबी उन्मूलन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। दरअसल,वर्ल्ड बैंक की हालिया 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत के पांच सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई की गिरावट में योगदान दिया है। हालांकि, अब भी इन राज्यों में भारत की 54 प्रतिशत अत्यधिक गरीब आबादी है और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि वर्ष 2019-21 तक नॉन मोनेटरी गरीबी दर 53.8 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई है। इतना ही नहीं, रोजगार वृद्धि ने भी कामकाजी उम्र की जनसंख्या को पार कर लिया है तथा शहरों में बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है। युवा बेरोजगारी दर 13.3 प्रतिशत है। कृषि सेक्टर में रोजगार अब भी अधिकांश रूप से असंगठित है। हालांकि, स्वरोजगार और महिलाओं की रोजगार दर में वृद्धि हो रही है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत लगातार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। भारत की वैश्वीकरण नीतियों से देश विश्व व्यापार में शामिल हुआ है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है, जिससे रोजगार सृजन हुआ है और ग़रीबी कम हुई है। सच तो यह है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी, रोजगार के नए अवसरों का सृजन, और भारत का निम्न-मध्यम आय वर्ग में कदम रखना, यह सब हमारे देश की प्रगति, इसके उन्नयन को ही दर्शाता है। सच तो यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ, फायदों की वृद्धि हुई, विदेशी निवेश बढ़ा, और भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत हुई है। पिछले कुछ सालों से रोज़गार सृजन कार्यक्रम, आय समर्थन कार्यक्रम, रोज़गार गारंटी तथा आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे कार्यक्रमों से भारत विकास के सोपानों को लगातार छू रहा है। भारत में लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य की उपलब्धता हर गांव-ढाणी में सुनिश्चित हुई है। महिलाओं के सशक्तीकरण से आर्थिक असमानता दूर हुई है तथा पोषण और स्वच्छता कार्यक्रमों से हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। संसाधनों और सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित होने से विकास को पंख लगे हैं। वास्तव में उच्चतम और निम्न-मध्यम आय वाली गरीबी में तेज गिरावट, साथ ही ग्रामीण-शहरी गरीबी के अंतर में कमी, भारत सरकार के प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, रोजगार में वृद्धि, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और बहुआयामी गरीबी में कमी जीवन स्तर में व्यापक सुधार की ओर इशारा करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्मों से उपार्जित सुख




संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित

प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## शोक



वेटिकन के सेंट पीटर्स स्क्वायर में दिवंगत पोप फ्रांसिस के लिए नौ दिनों के शोक के दूसरे दिन वेटिकन के राज्य सचिव कार्डिनल पिएत्रो परोलिन की अध्यक्षता में आयोजित प्रार्थना सभा के अंत में कार्डिनल गले मिलते और हाथ मिलाते हुए।

## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। – *मुकेश यादव, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# सिंगापुर के लिटिल इंडिया को समेटा एक किताब में



सिंगापुर के 'लिटिल इंडिया' के इतिहास को एक किताब में समेटा गया है। इस जगह का इतिहास 1822 से शुरू होता है, जब यहां बसने वाले प्रारंभिक भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक और वाणिज्यिक गतिविधियों की शुरुआत की थी। लेखिका सौंदरा नायकी वैरावन ने रविवार को कहा, 'यह किताब 1822 में लिटिल इंडिया परिसर के मुख्य मार्ग सेरांगून रोड की स्थापना से लेकर आज तक का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार यह भारतीय मूल के लोगों के लिए वाणिज्यिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।' भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो ने 187 पन्नों की कॉफी टेबल पुस्तक 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटी : थ्रू द एजेस' का शुक्रवार को संयुक्त रूप से विमोचन किया। सौंदरा ने बताया कि इसमें सेरांगून रोड के सामाजिक परिवर्तन, दुकानें, प्रारंभिक सामाजिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले त्योहार, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और व्यापार करने में आने वाली चुनौतियों का विवरण दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों और यहां आने वाले नियमित आगंतुकों के बारे में कहा, लिटिल इंडिया सिंगापुर में रहने वाली सभी मूल के लोगों के लिए खास स्थान है।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

## ट्रेंड

### पीड़ितों को न्याय मिलेगा



पहलगाम में आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम् जवाब दिया जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गंगा एक्सप्रेस-वे



इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश के विकसित होने की आधारभूत शर्त होती है। आज जनपद हरदोई, शाहजहांपुर एवं हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दोषियों पर कार्रवाई करें



यूपी में दलितों पर हमले तथा उनके मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय हैं। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व प्रभावी कदम भी उठाए।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### एआई का महत्व



हमारे न्यूज़फीड से लेकर बोर्डरूम तक, एआई हमारे जीने और काम करने के तरीके को आकार दे रहा है। 2025 तक बाज़ार 250 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है, यह तो बस शुरुआत है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना

**मंडीदीप।** नगर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सलमान अली, मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष नफीस अली, पिछड़ा वर्ग मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अंकित चौरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य कर्मचारी नेता सुरेंद्र आरोपों से दोषमुक्त

**भोपाल।** जेपी अस्पताल के फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मचारी नेता सुरेंद्र सिंह कौरव को गो वंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा



4/9 ब 429 भादंवि के तहत मामले से उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया है। बता दें कि सुरेंद्र कौरव पर वर्ष 2018 में कटारा हिल्स थाने में गो वंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4/9 ब 429 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। दोषमुक्त होने पर सुरेंद्र कौरव ने इसे सत्य की जीत बताया है। उन्होंने बताया वह भारतीय मजदूर संघ से जुड़े होने से मामले को ज्यादा तूल देकर कांग्रेस नेताओं ने उन्हें इस मामले में फंसाया था।

### नाबालिग से शादीशुदा ने किया दुष्कर्म

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने साढ़े 17 साल की नाबालिग की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता का दैहिक शोषण किया। दो दिन पहले शादी का दबाव बनाने पर आरोपी अपने वादे से मुकर गया। उसने कहा कि वह पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 17 साल पांच माह की नाबालिग पढ़ाई छोडकर ब्यूटीशियन का कोर्स कर रही है। करीब चार माह पूर्व सहेली के घर पर नाबालिग की मुलाकात सोहेल खान से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। जनवरी 2025 में आरोपी सोहेल खान ने बाग दिलकुशा स्थित सहेली के घर पर नाबालिग के साथ जबरन संबंध बनाए थे।

### 30 अप्रैल तक नहीं हुई ई-केवाईसी तो राशन बंद

**मंडीदीप।** नगर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मुफ्त राशन लेने वाले हितग्राहियों के लिए 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना जरूरी कर दिया गया है। तय समय सीमा तक ई-केवाईसी नहीं कराने पर मई से राशन नहीं मिलेगा। एसडीएम चन्द्रेखर श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि 28 अप्रैल तक सभी उपभोक्ताओं की समग्र आईडी की ई-केवाईसी पोर्टल पर दर्ज होनी चाहिए। अगर 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी पूरी नहीं हुई तो उपभोक्ताओं को राशन वितरण संभव नहीं होगा।

---

आत्महत्या रोकथाम पर केंद्रित दो दिनी राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन संपन्न

# आत्महत्या रोकने में एआई की भूमिका औषधियों व बिहेवियर थेरेपी पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइक्याट्री (आईएपीपी) के तत्वावधान में ताज लेकफ्रंट होटल में आयोजित दो दिवसीय मिड-टर्म सीएमई 2025 का रविवार को समापन हुआ।

आत्महत्या जैसी गंभीर समस्या की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित इस सीएमई में विगत दो दिनों में आत्महत्या के कारणों और उनकी रोकथाम से सम्बद्ध विभिन्न पक्षों पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। समापन सत्र को इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सायक्याट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मृगेश वैष्णव, डॉ. निमेष देसाई (पूर्व अधीक्षक इंस्टिट्यूट ऑफ़ ह्यूमन बिहेवियर एंड




अलाइड साइंस दिल्ली), मिड-टर्म सीएमई की आयोजन समिति के चेयरपर्सन प्रो. डॉ. आरएन साहू, पूर्व विभागाध्यक्ष, मनोरोग विभाग, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, आयोजन समिति की सचिव डॉ. समीक्षा साहू और भोपाल न्यूरो सायक्याट्रिक सेंटर की निदेशक डॉ. माया साहू ने संबोधित किया।

#### देश-विदेश के 45 से अधिक विषय विशेषज्ञों ने चर्चा की

डॉ. आरएन साहू ने बताया कि इस सीएमई का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में आत्महत्या समस्या के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया। सीएमई में देश-विदेश के 45 से अधिक विषय विशेषज्ञों ने चर्चा की तथा कई साइंटिफिक पेपर्स और पोस्टर्स का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में आत्महत्या की सोच वाले लोगों के मस्तिष्क में होने वाले बदलावों और उनको समझने की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ भारतीय सिनेमा और भारतीय मीडिया में जिस तरह आत्महत्या को दिखाया बताया जाता है उस पर चर्चा की गई। विशेष तौर पर डिप्रेशन, ओब्सेसिव कंप्लसिव डिसऑर्डर, सायकोसिस आदि मानसिक बीमारियों और कोटा कोचिंग परिवेश में व अन्य तनाव के कारण उभरने वाली आत्महत्या की सोच पर सत्रों का आयोजन किया गया। बच्चों, किशोरों, में होने वाली आत्महत्या की समस्या पर भी इस कार्यक्रम में सत्रों के आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त कुछ नए विषयों जैसे आत्महत्या रोकने में एआई की भूमिका, आत्महत्या रोकथाम में औषधियों एवं कोगनिटिव बिहेवियर थेरेपी की भूमिका, अकेलापन और आत्महत्या की संवेदनशीलता पर चर्चा हुई।

---

# डॉक्टर्स मिलकर मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर करें कार्य, ताकि कम हो मृत्यु दर

मातृ, शिशु मृत्यु दर नियंत्रण के लिए भोपाल में विशेषज्ञों ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में मातृ, शिशु मृत्यु दर नियंत्रण के लिए कई प्रयोग किए जा रहे हैं। इसे लेकर रविवार को राजधानी में आयोजित अधुना फॉगसी प्रोजेक्ट के तहत महिला विशेषज्ञों ने रणनीति तैयार की।

एनएचएम की एमडी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि गर्भवती स्त्री, मां और शिशु के स्वास्थ्य बेहद संवेदनशील होता है। पब्लिक हेल्थ सेक्टर, प्राइवेट हेल्थ सेक्टर और सभी डॉक्टरों को मिलकर मातृ और



शिशु स्वास्थ्य के लिए कार्य करना चाहिए, ताकि उनकी मृत्यु दर नियंत्रित हो सके। कार्यक्रम में एनएचएम में मातृत्व स्वास्थ्य की डायरेक्टर डॉ. अरुणा कुमार, जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह, डॉ. आभा जैन, डॉ. प्रिया चित्तवार आदि मौजूद रही।

---

सुबह रोज 10 से 11 बजे उठने की थी आदत, सास करती रही कमरा खुलने का इंतजार

# शादी के चार महीने बाद ही महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित वैजनाथ धाम कॉलोनी, लांबाखेड़ा में नव विवाहिता ने शादी के चार महीने बाद ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश रविवार दोपहर कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे पर लटकी मिली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही सास से पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। मायके पक्ष और पति के रायपुर, छत्तीसगढ़ से भोपाल पहुंचने के बाद नव विवाहिता का पीएम कराया जाएगा। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसडीओपी द्वारा की जा रही है।

पुलिस के अनुसार प्रियंका शर्मा पति सुरेश ठाकुर (32) रायपुर, छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। उसकी शादी चार महीने पहले प्रेम प्रसंग के बाद सुरेश ठाकुर से हुई थी। प्रियंका का अपना कमरा है और वह प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक सोकर उठती थी। रविवार सुबह 11 बजे सास ज्ञान बाई उसके कमरे के बाहर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। ज्ञान बाई ने आवाज दी, लेकिन अंदर से प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्हें लगा कि बहु अभी सो रही होगी। करीब एक घंटे बाद 12 बजे भी प्रियंका शर्मा का दरवाजा नहीं खुला तो ज्ञानबाई ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो प्रियंका पंखे पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर नजर आई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।



#### पति और मायके पक्ष के भोपाल पहुंचने पर होगा पीएम

पुलिस ने प्रियंका का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। घटना की जानकारी रायपुर में रहने वाले मायके पक्ष और पति को दे दी गई है। आज सोमवार को वे रायपुर से भोपाल पहुंचेंगे। इसके बाद पीएम कराया जाएगा।

#### साथ में रहते हैं जेठ

प्रियंका शर्मा का पति सुरेश रायपुर गया हुआ है। घर में सुरेश के बड़े भाई नरेश और दिनेश ठाकुर थे। गैस त्रासदी के बाद से उनके दिमाग पर असर होने के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। सुरेश के पिता भोपाल में रहते थे। भिलाई में उनकी गैस कंपनी में नौकरी लगी और वह काफी पहले भिलाई शिफ्ट हो गए थे। रायपुर में उनके दो मकान है।

#### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एक्टिवा सवार को बचाने के प्रयास में युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई थी। इस हादसे में युवक, उसका भाई और पिता गंभीर रूप से घायल हुए थे। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले गया गया, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। उसके पिता और भाई की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार रघुवीर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह (36) अरवलिया में रहता था और मिस्त्री था। तीनों कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को अरवलिया से बैरसिया जाने के लिए निकले थे। बैरसिया से करीब एक किमी पहले एचपी पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने एक एक्टिवा सवार युवक आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक चला रहे रघुवीर से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी।

#### पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने पीया जहर, मौत

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित न्यू चौकसे नगर में ऑटो चालक ने जहरीला पदार्थ पी लिया। पत्नी उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मरने से पूर्व ऑटो चालक के बयान नहीं हो सके थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पति-पत्नी में आए दिन होने वाले विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार रघुवीर सिंह कुशवाह पिता मुंशीलाल (42) न्यू चौकसे नगर ईंटखेड़ी में रहता था और ऑटो चलाता था। गत 25 अप्रैल शुक्रवार को उसने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। उल्टियां करने पर पत्नी से निजी अस्पताल लेकर पहुंची, वहां उसका इलाज चल रहा था। शनिवार रात इलाज के दौरान रघुवीर की इलाज के दौरान मौत हो गई।

---

# इंद्रपुरी में बाइक सवार तीन बदमाशों ने कॉलेज स्टूडेंट का मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रपुरी इलाके में बाइक सवार तीन बदमाश एक कॉलेज छात्र का मोबाइल झपटकर फरार हो गए। घटना 17 मार्च की रात की है। पुलिस का कहना है कि फरियादी ने मोबाइल गुम होने का आवेदन दिया था। लिहाजा पुलिस ने गुम मोबाइल की खोजबीन ट्रेकर की मदद से शुरू कर दी थी। लेकिन जब काफी दिन बाद मोबाइल का सुराग नहीं लगा तो फरियादी ने थाने आकर झपटमारी की घटना का खुलासा किया।

#### पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण

वारदात के 10 दिन बाद झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक इन्द्रपुरी सी-सेक्टर हॉस्टल में रहने वाला हर्षद चंदेलकर (20) कॉलेज में पढ़ता है। विगत 17 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह हॉस्टल के पास मोबाइल पर बात करता हुआ चहल-कदमी कर रहा था। उसी दौरान काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। फरियादी का कहना है कि वह पल्सर गाड़ी का नंबर नहीं देख सका था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# निशातपुरा में युवक का अपहरण कर कमरे में मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर करोंद में आधा दर्जन युवकों ने एक युवक का अपहरण कर लिया और अपने कमरे पर ले जाकर जमकर मारपीट की। करीब एक घंटे तक मारपीट करने के बाद आरोपियों ने युवक को छोड़ दिया। आरोपियों के चंगुल से मुक्त होने के बाद फरियादी थाने पहुंचा और आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस के मुताबिक शिव नगर करोंद निवासी अभिषेक कुशवाह (23) प्राइवेट काम करता है। शनिवार रात करीब दस बजे किसी काम से वह घर से बाहर निकला था। घर से कुछ दूरी पर ही मोहल्ले में रहने वाले दीपक जाट, रवि जाट, मंगू जाट, बिट्टू मीना, महेश व गजराज से उसका आमना-सामना हो गया। पुराने विवाद के चलते उन लोगों ने अभिषेक को मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपहरण कर लिया। आरोपियों ने शिव नगर में ही एक कमरे में बंधक बनाकर अभिषेक के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस का कहना है कि पुराने विवाद का मामला है।

---

नगर परिषद अध्यक्ष निर्वाचन ढाई साल दूर

# चुनाव लड़ने चार नेता अभी से सक्रिय






**औबेदुल्लागंज।** नगर में नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ने चार नेता अभी से सक्रिय है।

इसमें जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र नंदवंशी के नाम की चर्चा हैं। दूसरे नेता बुद्धिस्ट सोसाइटी के जिला अध्यक्ष पार्षद सुनील सेरिया है। सेरिया ने अभी से जमावट प्रारंभ कर दी है। अर्जुन नगर नेता वचन लोधी भी सामाजिक और नगर के काम में सक्रिय हैं। अनिल प्रजापति कांग्रेस से सक्रिय हैं। हालांकि अभी नगर परिषद के चुनाव के लिए ढाई वर्ष है।

### कार्मिकों का गृह भाड़ा भत्ते पुनरीक्षित

**भोपाल।** मप्र ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मप्र शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है।

---

सुल्तानपुर के कार्यक्रम में जाते समय भाजपाईयों से की भेंट

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज, विधायक पटवा का औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, तामोट में भव्य स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा का पटेल चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी, डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, भूपेंद्र नंदवंशी, सुरजीत सिंह बिल्ले, सोनू चौकसे, देवेंद्र सिंह राजू, दीपू परमार, दशरथ गुर्जर, लखविंदर सिंह, नरेश सेठी, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, जीतू नंदवंशी हरगोविंद वर्मा, पवनजोत सिंह गजेंद्र नागर माधव यादव आदि मौजूद थे।



#### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज का विधायक पटवा ने किया स्वागत

**मंडीदीप।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का खेड़ापति माता मंदिर चौराहे पर विधायक सुरेन्द्र पटवा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, अरविन्द जैन, प्रेमशंकर साहू, महेन्द्र मैथिल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



#### तामोट में चौहान और पटवा का हुआ स्वागत

**तामोट।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक सुरेंद्र पटवा रुके। उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर तामोट की जनपद सदस्य एवं चौहान की भांजी सुलेखा चौहान ने कहा कि मामाजी आप तामोट आए। तामोट का विकास करना है। इस अवसर पर बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, बालमुकुंद आदि मौजूद रहे।

---

जेपी अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया

# आउटसोर्स प्रथा खत्म कर निकाले कमचारियों को फिर करें बहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेपी अस्पताल में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। आउटसोर्स कर्मचारियों को पांच महीने से वेतन तक नहीं दिया गया है।

इंदौरी आउटसोर्स कंपनी जेपी अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के साथ तानाशाही रवैया अपनाकर परेशान कर रही है। यह आरोप जेपी अस्पताल में पदस्थ वेतन नहीं मिलने से नाराज आउटसोर्स कर्मचारियों ने लगाए। रविवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने जेपी अस्पताल में प्रदर्शन कर चेतावनी दी है कि अगर उन्हें सोमवार तक वेतन का पूरा भुगतान नहीं किया गया तो वह हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। एनएचएम संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चित्रवीर पटेल ने बताया कि आउटसोर्स कंपनी कर्मचारियों से पूरा काम कराने के बाद भी कलेक्टर द्वारा निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं कर रही है। कर्मचारियों को चार से पांच माह से वेतन तक नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई है।

---

# संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर किलाबंदी' 229 बेटिकट यात्री पकड़े गए,1.42 लाख जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं रेल राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर सुबह 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं 12 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर के बाहर निकलने वाले रास्तों की घेराबंदी की गई, जिससे बिना जांच कोई भी यात्री बाहर न निकल सके। इस दौरान स्टेशन से गुजरने वाली कुल 10 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। जांच में 128 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 93,160/- की राशि वसूली गई। वहीं 100 यात्री अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते पाए गए, जिनसे 48,850/- बतौर किराया एवं जुमार्ना वसूला गया। इसके अतिरिक्त बिना बुकिंग के सामान ले जाते हुए तथा गंदगी फैलाते हुए पाए गए 1 यात्री से 200/- का जुमार्ना वसूला गया। इस प्रकार इस अभियान के दौरान कुल 229 मामलों से 1,42,210/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

---

प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने किया श्रवण

देशवासियों से सतत संवाद का माध्यम है मन की बात कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री मोदी के ओजस्वी, प्रेरणादायक वचन सभी को करते हैं प्रेरित: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से सतत संवाद के अभूतपूर्व माध्यम /"मन की बात/" के 121 वें संस्करण का श्रवण अत्यंत प्रेरणादायक रहा। प्रधानमंत्री ने मन की बात की 121 वीं कड़ी में कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है।



#### आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता हमारी ताकत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब देंगे।

#### ओजस्वी और प्रेरणादायक वचन

उन्होंने कहा कि यह प्रसारण देश को एक सूत्र में पिरोकर सभी देशवासियों के मातृभूति के प्रति समर्पण, सम्मान और स्नेह को राष्ट्रव्यापी स्वरूप प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी के ओजस्वी और प्रेरणादायक वचन हमेशा हम सभी को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विज्ञान शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में महान वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अब भारत ने अपने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की ओर से विकसित सचेत एप, कृषि एवं उद्यानिकी में हो रहे नवाचारों और एक पेड़ मां के नाम अभियान के संबंध में भी चर्चा की।

---

# सोशल मीडिया पर विधायक आरिफ मसूद को मिली जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के मध्य विधान सभा से विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मैं आरिफ मसूद को जान से मारूंगा, लेकिन मेरी जमानत की जिम्मेदारी कौन लेगा। इधर पुलिस ने एक समर्थक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।



शाहजहांनाबाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। शाहजहांनाबाद पुलिस ने पूर्व पार्षद की शिकायत पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले सचिन नाम के आईडी धारक की पहचान कर मामला दर्ज किया है। आरोपी ने पोस्ट में लिखा है, जो नरसंहार हुआ है, मैं उनको मारूंगा, जो सपोर्ट कर रहे हैं। पुलिस की जांच में पता चला है पोस्ट करने वाला कोलार इलाके का रहने वाला है। पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही हैं। इस धमकी के बाद समर्थकों ने विधायक की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

---

# बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से लड़ने की देता है प्रेरणा: दुबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैरसिया जिला भोपाल के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पखवाड़े अंतर्गत रविवार को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बैरसिया में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे, मुख्य वक्ता राजीव शर्मा एवं जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि दुबे ने कहा कि संघर्ष के बिना जीवन में सफलता प्राप्त नहीं हो सकती। बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन हमें संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा देता है। मुख्य वक्ता राजीव ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। चतुर्वेदी ने सभी को समाज कार्य के लिए बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखित साहित्य को पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित किया। संचालन कालूराम अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में नवांकुर, प्रस्फुटन, परामर्शदाता शामिल हुए।



# कुंती ने कर्ण को त्यागा, उनके इस कृत्य ने जीवन भर पीछा नहीं छोड़ा

## रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'रश्मिरथी' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

व्यक्ति को उसकी योग्यता के आधार पर आंका जाना चाहिए ना कि उसकी जाति अथवा उसके पारिवारिक बैक ग्राउंड के आधार पर। कुन्ती का कर्ण के जन्म लेते ही उसको त्यागना, जीवन भर उसका पीछा नहीं छोड़ता, कर्ण जो कि अर्जुन से कहीं श्रेष्ठ धनुर्धर होते हुए भी अपने सूतवंश के कारण उचित सम्मान नहीं प्राप्त कर पाता...। महाभारत का रण आज भी पूरे समाज को यह सोचने पर बाध्य



करता है कि कौरवों और पांडवों में कौन अधिक गलत था और किसने मर्यादा का उल्लंघन किया। वो पांडव जिन्होंने द्रौपदी को दांव पर लगाया या वो कर्ण जिसने भरी सभा में द्रौपदी का अपमान देखा, किया.... महाभारत के कुछ ऐसे ही सवालों पर आधारित रामधारी सिंह दिनकर रचित नाटक 'रश्मिरथी' का मंचन रविवार को रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। नाटक में निर्देशन मांगीलाल शर्मा का रहा।

### महाभारतीय कथानक से ऊपर उठकर कर्ण के चरित्र को किया उजागर

प्रसिद्ध खंडकाव्य रश्मिरथी में कर्ण के चरित्र के सभी पक्षों का सजीव चित्रण है। रश्मिरथी में कर्ण के महाभारतीय कथानक से ऊपर उठकर उसे नैतिकता और विश्वसनीयता की नई भूमि पर खड़ा कर उसे गौरव से विभूषित कर दिया है। यह सारे सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को नए सिरे से जांचता है। फिर चाहे गुरु-शिष्य संबंधों के बहाने हों, चाहे अविवाहित मातृत्व और विवाहित मातृत्व के बहाने हों, चाहे धर्म के बहाने हो या चाहे छल- प्रपंच के बहाने। युद्ध में भी मनुष्य के ऊंचे गुणों की पहचान के प्रति ललक का काव्य है रश्मिरथी।

---

गीतों से सजी संगीतमय संध्या का पॉलीटेक्निक सभागार में आयोजन

# नए पुराने गीतों से सजी 'अनुरोध' संगीत संध्या..



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेके म्यूजिकल ग्रुप एवं कर्मयोगी म्यजिकल ग्रुप द्वारा रविवार को संगीत संध्या अनुरोध का आयोजन पॉलीटेक्निक सभागार में हुआ। जिसमें गीतों से सजी इस संगीत संध्या का शुभारंभ सब कुछ मिल जाता है लेकिन मां नहीं मिलती गीत से हुआ। इसके बाद एकल गीतों में श्रोताओं की तालियों के साथ नीता येरपुडे द्वारा पंछी बनी उड़ती चलुं मस्त गगन में... प्रस्तुत किया।

### मेरे नैना सावन भादों...

एक से बढ़कर एक गीतों से सजी इस संगीत संध्या की अगली कड़ी में तूने ओ रंगीले कैसा..., मैं तेरे इश्क में मर न जाउं...., किसी की मुस्कुराहटों पर हो.... की प्रस्तुति ने गीत संगीत की एक सुरीली बौछार का अनुभव कराया। वहीं अगली कड़ी में हम कितने नादान थे यारों आज ये समझे..., मेरे नैना सावन भादों...., तुम तो धोखेबाज हो....., बाजीगर ओ बाजीगर...., ऐसी दिवानगी देखी नहीं कहीं.... जैसे गीतों ने 90 के दशक की याद दिलाई।



ऑडियंस ने खड़े होकर लगातार तालियां बजाकर किया बैंड को इंजॉय

# यूफोरिया बैंड की शानदार प्रस्तुति पर झूम उठे श्रोता



## लगे भारत माता की जय के नारे...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दर्शकों से खचाखच भरे हॉल, रंग बिरंगी लाइट्स के बीच नाचते गाते दर्शक, हर एक गाने पर कहीं लगा डांस का तड़का तो कहीं सीटियों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति दिल को छूने वाली लगी। जहां स्टेज पर बैंड परफॉर्मेंस चल रही थी वहीं दर्शक दीर्घा में कोई बैठना का नाम लेता हुआ सिर्फ बैंड की धुन पर नाचता झूमता नजर आया। इंडिमून आर्ट फेस्टिवल में रविंद्र भवन में यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति ने समा बांधा।





### एक से बढ़कर एक पंजाबी हिंदी गीतों का लगा तड़का

बैंड ने एक से बढ़कर एक रेप सॉन्ग और बॉलीवुड गीतों पर नाचने की मजबूर किया, जिसमें हिन्दी के साथ पंजाबी गीतों का तड़का लगा। गीतों में मायरी, धूम पिचक, आना मेरी गल्ली, मेहफूज, अब ना जा, तुम, सोनेया और इट्स माय लाइफ ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही बैंड ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### इनकी रही प्रस्तुति

प्रस्तुति के अंत में बैंड पर सारे जहां से अच्छा पर दर्शकों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। बैंड के सदस्यों में डॉ. प्लाश सेन, डीजे भदुरी, प्रशांत त्रिवेदी, राकेश भारद्वाज, अक्षित शर्मा, निगेल जो हेरिस (कीबोर्ड), विशाल दीक्षित (कीबोर्ड), विशाल मेहता (ड्रम्स), जयश्री बसु (बैकअप वोकल्स), देबाश्री बसु (बैकअप वोकल्स) और अम्बरीश शाक्य (लीड गिटार) ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को बांधकर रखा।

# मेरे पापा जल्दी चले गए थे इसीलिए उनकी याद में अपने गले में मैंने मंगलसूत्र पहना

*इंडी मूंस फेस्टिवल में प्रस्तुति देने आए यूफोरिया बैंड के हेड पलाश*



हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेरे पापा जल्दी चले गए थे और इस वजह से मेरी मां ने मंगलसूत्र नहीं पहना तो अब वही मंगलसूत्र मैं पहना हूं। पिता की एक निशानी के रूप में। यह कहना है मायरी... जैसे गीत गाने वाले जाने माने सिंगर पलाश सेन का और यूफोरिया बैंड के हेड का जो रविवार को रविंद्र भवन में इंडी मूंस फेस्टिवल में अपनी प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

### शाहरुख खान मेरा बहुत अच्छा दोस्त है

शाहरुख खान मेरा बहुत अच्छा दोस्त है। वो मुझसे एक क्लास पीछे था लेकिन हमारी बॉन्डिंग बहुत अच्छी रही।

### आधा कश्मीरी अपने आप को कहूंगा

उन्होंने कहा कि मैं आधा कश्मीरी अपने आप को कहूंगा क्योंकि कई सालों तक मैं कश्मीर में रहा हूं और वहां के लिए मैंने मैं कौन हूं... एक गाना भी गया था जो शायद आज भी लोगों को याद है और वह कश्मीर की धड़कनों से जुड़ा हुआ है।

**कुछ भी हो मेरा देश मेरे लिए सबसे पहले है**

वहीं, पहलगाम की घटना पर उन्होंने शोक जताया और कहा कि इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए और कुछ भी हो मेरा देश मेरे लिए सबसे पहले है।

**अपना गिटार उठाया और पब्लिक के बीच गाना शुरू किया**

पलाश ने बताया कि एक बार मेरा म्यूजिकल शो हैदराबाद में था और किसी विवाद के चलते उस शो को रोकना पड़ा, लेकिन न मैं उसे मंच से गया और न जानता मेरे सामने से। हम लोग करीब ढाई घंटे तक इंतजार करते रहे और आखिरकार मुझे लगा कि जब मेरे चाहने वाले सामने हैं तो क्यों ना मैं उनके बीच में जाकर ही गाउ और तब मैंने अपना गिटार उठाया और पब्लिक के बीच में ही जाकर गाना शुरू किया।

---

# देते जो आभास नीर का मरुस्थल ऐसे हैं मृग मारीचिका हैं मन में, या ऐसे हैं...

### लेखक संघ की प्रादेशिक गीत गोष्ठी दुष्यंत में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र लेखक संघ द्वारा प्रादेशिक गीत गोष्ठी का आयोजन रविवार को दुष्यन्त संग्रहालय में गीतकार मयंक श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सम्मान हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने सुनाया कि देते जो आभास नीर का मरुस्थल ऐसे हैं, मृग मारिचिका है मन में, या छल ऐसे हैं।








**युवा रचनाकारों को जोड़ना मेरी प्राथमिकता :** वहीं, वरिष्ठ गीतकार, विशिष्ट आतिथि ऋषि श्रृंगारी ने सुनाया घटा बन कर बरसना तुम, सजनवा प्यार करना तुम, किनारे जब उतरना तुम, संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने कहा, लेखक संघ के साथ युवा रचनाकारों को जोड़ना मेरी प्राथमिकता है।

**मन लागा रे बलम संग लागा:** गोष्ठी में प्रदेश के चर्चित गीतकारों में रामराव वामनकर ने सुनाया मन लागा रे बलम संग लागा, बीच न कोई धागा...भोपाल के वरिष्ठ कवि अशोक कुमार धमेनिया ने पढ़ा दुनिया में दुख देखा जब से।



# चालीस पक्षी चिन्हित कर बोरवन उद्यान में पेड़ों पर लटकाए सकोरे

## बड़ी संख्या में मौजूद रहे पक्षी प्रेमी एवं विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को भोपाल बर्ड्स एवं पर्यावरण वानिकी वनमण्डल के द्वारा पक्षी दर्शन एवं पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बोरवन उद्यान, बैरागढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में पक्षी विशेषज्ञों के साथ-साथ बोरवन पार्क में आने वाले स्थानीय निवासी, वनमण्डल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 40 प्रकार की पक्षी प्रजातियों को चिन्हित किया गया, जिसमें सिनेरस टिट, कोयल, रोज रिंग पैराकीट, ब्लैक ड्रोंगो, पर्पल रम्पड सनबर्ड, ब्लैक हेडेड आइबिस, ग्लासी आइबिस, पेंटेड स्निप, जीटिंग सिस्टिकोला, स्पॉट बिल डक आदि प्रमुख हैं। कार्यक्रम के दौरान पक्षी प्रेमियों एवं वनमण्डल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पक्षियों के लिए पानी के सकोरों को भी पेड़ों पर लगाया गया।



---

मेपकास्ट: 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का समापन

# नवाचार का उपयोग सामाजिक हितों के मद्देनजर होना चाहिए: डॉ. कोठारी

## विज्ञान के माध्यम से ही विकास संभव है: प्रो. रवीन्द्र कन्हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेपकास्ट द्वारा आयोजित 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का रविवार को समापन हो गया। समापन के पहले विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा भी दी। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ रवीन्द्र कन्हारे रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से अगले 25 वर्षों तक होने वाली महत्वपूर्ण शोध के बारे में चर्चा की। भारत के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण शोध और उसके अपेक्षित परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रस्फुटन का कार्य करते हैं। इस अवसर पर डॉ अनिल कोठारी, महानिदेशक मेपकास्ट ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा विकसित एक भी नवाचार समाज को नई दिशा दे सकता है।




### विज्ञान मंथन यात्रा के अनुभव किए साझा

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और छात्रों ने विज्ञान मंथन यात्रा के अनुभव साझा किए। इनमें प्रमुख रूप से अनुष्का सिंह, कक्षा 10वीं (नई दिल्ली), अर्पित बागरी, कक्षा 10वीं (नई दिल्ली), प्राची विमनानी, कक्षा 12वीं (चंडीगढ़), आर्नी सान्डिल्य, कक्षा 11वीं (चंडीगढ़), रत्नेश गुप्ता, ग्रुप हेड शिक्षक (चंडीगढ़) श्रृद्धा गुप्ता, शिक्षक (चंडीगढ़), अंजली भार्गव, शिक्षक (नई दिल्ली) प्रियांक प्रवासी, शिक्षक (नई दिल्ली), परिषद के वैज्ञानिकों डॉ निपुण सिलावट, राजेश शेंडे द्वारा यात्रा के अनुभव साझा किए गए। अंत में सभी को सर्टिफिकेट वितरण किया गया।

सिंधी समाज के त्याग व परिश्रम की प्रशंसा करते हुए सीएम ने कहा

# हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी की सभ्यता और सिंधु नदी से जुड़ी है, इससे देश को गौरव हासिल

## मुख्यमंत्री ने चैतीचांद महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी सभ्यता और सिंधु नदी से जुड़ी है। प्राचीन काल में विकसित सिंधु घाटी सभ्यता आज भी पूरे देश को गौरवान्वित करती है। सम्राट दाहिर सेन का अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष आज भी हमें प्रेरणा और साहस प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंधु भवन में आयोजित चेतीचांद महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भगवान दास सबनानी ने की। इस अवसर पर मप्र सिन्धु भवन ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।




**भोपाल, संत हिरदाराम की पुण्य भूमि :** उन्होंने कहा कि भोपाल, संत हिरदाराम की पुण्य भूमि है, संत परम्परा के अनुसार हम "जियो और जीने दो" के सिद्धांत में विश्वास रखते हैं। सिंधी समाज ने इन मूल्यों का पालन करते हुए अपने धर्म की सरक्षा के लिए घर-परिवार और व्यापार छोड़ा।

**मेहनत से उपलब्धियां अर्जित की :** सीएम ने कहा कि अपनी क्षमता, और निरंतर मेहनत से समाज ने व्यापार और उद्योग जगत में कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

### रोजगार उपलब्ध कराने का प्रमुख माध्यम

सीएम ने समाज से प्रदेश में व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की पहल करने का आव्हान करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विधायक भगवानदास सबनानी ने राजा दाहिर सेन, संत कंवर दास और शहीद हेमू कालानी के प्रसंगों को शालेय स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने, प्रदेश के सिंधी समाज की बहुलता वाले शहरों में शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थापित करने, सिंधी संग्रहालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने और सिंधी अकादमी का बजट बढ़ाने का आग्रह किया।

सिद्धारमैया ने पुराने बयान पर अब लिया यू-टर्न

# पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएं, दोबारा सोच भी न सके

## यह बोला था- एक देश के पास युद्ध अंतिम विकल्प

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

दक्षिण पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बाद भारत और पाकिस्तान संबंध एक बार फिर पटरी से उतर गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान पर हमले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान पर चर्चा गरम है। सिद्धारमैया ने अपने बयान को लेकर कहा कि एक देश के पास युद्ध को अंतिम विकल्प होना चाहिए।

अब सिद्धारमैया ने कहा कि मैंने युद्ध के बारे में जो बयान दिया, उस पर हो रही बहसों और चर्चाओं को मैंने देखा है, चाहे वह पक्ष में हो या विपक्ष में। युद्ध हमेशा एक राष्ट्र का अंतिम विकल्प होना चाहिए। कभी भी पहला और एकमात्र विकल्प नहीं होना चाहिए। जब दुश्मन को हराने के लिए हर अन्य तरीका विफल हो चुका हो, तब एक देश को युद्ध में जाने के लिए मजबूर होना चाहिए। पाक के समर्थन से आतंकवादियों ने पहलगाम में खौफनाक हमला कर स्पष्ट कर दिया है कि हमारी खुफिया और सुरक्षा प्रणाली में गंभीर चूक हुई। अब सरकार की यह जिम्मेदारी है कि पहले इन कमियों को सही किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी त्रासदियां फिर से न हों।

हमें युद्ध की जरूरत नहीं



सरकार पहले अपनी कमियों को दूर करे कि ऐसी त्रासदी न हो

### पीएम लोगों को गुमराह कर रहे

शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में सिद्धारमैया ने कहा था कि हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को वहां होना चाहिए था। वे बिहार में चुनाव प्रचार करने गए थे। ऐसे में सवाल है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है? वे लोगों को टोपी पहना रहे हैं (मतलब लोगों को गुमराह बना रहे हैं)। सिद्धारमैया ने कहा था कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हमें कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए।

### हमें वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए

दुनियाभर के देशों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी निंदा की है और भारत के साथ मजबूती से खड़े हैं। हमें इस अभूतपूर्व वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए और पाकिस्तान को ऐसा कड़ा सबक सिखाना चाहिए कि वे कभी भी ऐसे कृत्य दोबारा न करें।

भाजपा का सिद्धारमैया पर तंज

### 'पाकिस्तान रत्न', आप भी खुली जीप में घूमेंगे...

कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने एक्स पर लिखा, सीमा पार से वजार-ए-आला सिद्धारमैया के लिए बधाई! देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जिक्र करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि नेहरू को रावलपिंडी की सड़कों पर खुली जीप में घुमाया गया था, क्योंकि पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए नेहरू से बहुत खुश था। क्या सिद्धारमैया भारत के अगले राजनेता होंगे जिन्हें पाकिस्तान में खुली जीप में घुमाया जाएगा? विपक्ष के नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया को 'पाकिस्तान रत्न' बताया। आप अपने बचकाने और बेतुके बयानों के कारण रातों-रात पाक में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं।



कर्नाटक के मंत्री का बेहूदा बयान

### आतंकवादियों ने धर्म नहीं पूछा होगा



सिद्धारमैया द्वारा पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं का बयान देने के एक दिन बाद ही उनकी सरकार के एक मंत्री ने अपने बयान की वजह से एक और विवाद खड़ा कर दिया है। उनके आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकवादी अपने लक्ष्य की हत्या करने से पहले उसका धर्म नहीं पूछते। तिम्मापुर नेकहा कि उन्हें नहीं लगता कि हत्यारों ने गोली मारने से पहले किसी का भी धर्म पूछा होगा? उन्होंने कहा, जो व्यक्ति गोली चला रहा है, क्या वह जाति या धर्म पूछेगा? वह बस गोली चलाकर चला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुमन के काफिले पर करणी सेना का हमला

**अलीगढ़।** यहां से निकल रहे सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले को विरोध का सामना करना पड़ा। काफिले को करणी सेना व क्षत्रिय समाज ने काले झंडे दिखाए और टायर भी फेंके। पुलिस-प्रशासन ने काफिले को रोका और सुमन को वापस किया। बुलंदशहर में 21 अप्रैल को थार से दलित समाज के 4 लोगों को कुचल दिया था।



### दिल्ली में कई झुग्गियों में आग, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 17 स्थित एक झुग्गी में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग आस पास मौजूद करीब एक दर्जन से अधिक झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। 2 शव बरामद हुए हैं। अभी तलाशी अभियान जारी है। लोग दमकल को देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है।



### 3200 करोड़ के घोटाले में फंसे वाईएस के नेता

**अमरावती।** 3200 करोड़ के कथित शराब घोटाले को लेकर आंध्र प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। एसआईटी के रिमांड नोट में बताया गया है कि इसमें वाईएसआरसीपी के कई बड़े नाम शामिल हैं, जिन्होंने घोटाले से हर महीने 50-60 करोड़ की रिश्वत ली और इस पैसे को पार्टी फंड में भी जमा किया गया। राजशेखर रेड्डी को प्रमुख बताया गया है।



### सेंथिल और पोनमुडी ने कैबिनेट से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। मंत्री सेंथिल बालाजी और पोनमुडी ने स्टालिन के नेतृत्व वाली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बालाजी को नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के कारण और पोनमुडी को उनके विवादास्पद भाषण के कारण मंत्रिमंडल से हटाया गया है।



### डायरेक्टर खालिद के पास 'गांजा', अरेस्ट

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म जगत से चौंकाने वाली घटना है। शनिवार देर रात ड्रग से संबंधित अपराधों के लिए जाने-माने व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। इसमें निर्देशक खालिद रहमान और शालेफ मोहम्मद के साथ अशरफ हमजा को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में पकड़ा। कोच्चि के गोसरी ब्रिज के पास एक रिहाइशी इलाके में कार्रवाई हुई।



'मन की बात' में पीएम मोदी ने 'आतंकी हमला' समेत कई मुद्दों पर की बात

# पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं पीड़ितों को 'न्याय' जल्द ही मिलकर रहेगा

## दोषियों को कड़ी सजा देने की बात फिर दोहराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है।

लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।

अब देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा देखी जा रही

हम दृढ़ राष्ट्र के रूप में इच्छाशक्ति को मजबूत करेंगे



'मन की बात' का 121वां एपिसोड

### हमें संकल्पों को और मजबूत करना होगा

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। सभी ने जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगाऔर न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

### दुनियाभर ने की इस हमले की निंदा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में, 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है।

### बिहार से दी थी आतंक के आकाओं को चेतावनी

इससे पहले पपीएम मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### आतंकियों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

पीएम मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

विश्व-मित्र के रूप में मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बनी

'ऑपरेशन ब्रह्मा' की भी याद दिलाई

### भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया

पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। म्यांमार में आए भूकंप के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत की त्वरित सहायता, इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों द्वारा बच्चों के इलाज की पहल और अफगानिस्तान व नेपाल को वैक्सीन व दवाइयों की आपूर्ति जैसे प्रयासों का जिक्र करते हुए पीएम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को जीवंत किया। आपदा प्रबंधन में 'सचेत एप' की उपयोगिता पर जोर देकर उन्होंने तकनीक और सतर्कता के महत्व को भी उजागर किया।

मानसून सत्र में पेश होगा बीमा विधेयक

# बीमा में 100% एफडीआई 2047 तक सभी को बीमा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार बीमा संशोधन विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। इसमें इंश्योरेंस सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव है। बताया जा रहा कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट भाषण में यह प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए होगी, जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

### समग्र लाइसेंस का भी प्रावधान होगा

सरकार 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य पाना चाहती है। इस विधेयक में समग्र लाइसेंस का भी प्रावधान आ सकता है। इससे कंपनियों को भी फायदा होगा। अभी बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं। साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है।

### कांग्रेस ने की विशेष सत्र की मांग!

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इसके लिए कांग्रेस ने अन्य विपक्षी दलों से भी संपर्क किया है। कांग्रेस द्वारा पत्र का मसौदा तैयार किया जा रहा है और पार्टी नेतृत्व इस मामले पर अन्य विपक्षी नेताओं से विचार-विमर्श कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह पत्र जल्द ही भेजे जाने की संभावना है।

तमिलनाडु कृषि विवि में व्याख्यान में बोले उपराष्ट्रपति धनखड़

# किसान सिर्फ उत्पादक होने के ऊपर उठें और अब समृद्धि की ओर आगे बढ़ें

## धनखड़ का कृषि उद्यमिता को और बढ़ावा देने पर जोर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय 2 दिनी तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के अधिकारी मौजूद थे।

### भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक बना

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है।अब समय बदल गया है। हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह आपके जैसे संस्थानों से विकसित होना चाहिए।हमारे 730 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को शिक्षित करने के लिए कार्रवाई के जीवंत केंद्र होने चाहिए। भूमि और प्रयोगशाला के बीच की खाई को पाटा जाना चाहिए। नवाचार और शोध पहलों का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाना चाहिए कि उनका किसान पर क्या प्रभाव पड़ता है। केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और वाणिज्य द्वारा भी शोध को समर्थन दिया जाना चाहिए।



### समावेशिता-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी समृद्ध विरासत

*धनखड़ ने कहा कि यदि कोई हजारों वर्षों के इतिहास को देखे तो वह पाएगा कि हमारी सभ्यता में समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता फली-फूली, विकसित हुई और उसका सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अभिव्यक्ति और समावेशिता तुलनात्मक रूप से विश्व में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि चारों ओर देखिए, भारत जैसा कोई राष्ट्र नहीं है ।*

फिटजी कोचिंग के संचालकों पर ईडी ने कसा शिकंजा

# अब तक न पैसे वापस किए गए और न ही छात्रों की पढ़ाई की व्यवस्था की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख कोचिंग संस्थानों में से एक फिटजी मैनेजमेंट पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। एक बड़े वित्तीय घोटाले के आरोपों में घिरने के बाद ईडी ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है और दिल्ली-एनसीआर में संस्थान के कई ठिकानों पर छापेमारी की। कोचिंग के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, सीएफओ राजीव बब्बर को दोहा, कतर से दिल्ली लौटने पर हवाई अड्डे पर ही पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा ने उनके खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी किया था, क्योंकि वे एफआईआर में नामित थे। एजेंसी ने पूछताछ की, जिसमें लेनदेन और प्रबंधन के साथ उनकी भूमिका पर सवाल उठाए।




### संस्थान पर कई आरोप

*फिटजी पर अभिभावकों से पूरे साल की फीस लेकर कई केंद्रों को अचानक बंद करने, कर्मचारियों को वेतन न देने और फीस की राशि को गलत तरीके से डायवर्ट करने का आरोप है। अभिभावकों ने इसे 2,000 करोड़ का घोटाला बताया है, हालांकि ईडी ने 206 करोड़ की ठगी की पुष्टि की है। दिल्ली के प्रीत विहार केंद्र से शुरू हुई शिकायतें अब 200 से अधिक हो गई हैं। नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, और अन्य शहरों के अभिभावकों ने भी पुलिस में शिकायतें दर्ज की हैं। लगभग 14,411 छात्र प्रभावित हुए हैं।*

पाक की नापाक हरकतों के खिलाफ तैयारी, बीएसएफ ने कहा

# पंजाब के सीमावर्ती किसान 48 घंटे में फसल काट लें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने कुछ ठोस करने की रणनीति बना रही है? तैयारियों से तो ऐसा प्रतीत होता है। भारत पाकिस्तान बार्डर के समीप बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में किसानों को 48 घंटे में फसल काटने का निर्देश दिया है।

अमृतसर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और फाजिल्का जैसे जिलों के किसानों को निर्देश दिए गए हैं कि दो दिनों के अंदर खेतों में खड़ी फसल को काट लें। खेतों का रकबा बड़ा होने की वजह से इतनी जल्दी इतनी फसल का कटान करवाना फिर उनका भंडारण करना आसान नहीं। संबंधित जिला अधिकारियों को केंद्र की ओर से सख्त संदेश है कि बीएसएफ अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय कर किसानों को अगर किसी भी तरह की संसाधन चाहिए उन्हें तत्काली मुहैया करायें, लेकिन महज 48 घंटे में खेतों के आरपार का दृश्य स्पष्ट होना चाहिए। बार्डर पर किसानों को जीरो लाइन के पार खेती करने की विशेष अनुमति होती है। वहां भी स्थानीय गुरुद्वारों के जरिए भी इसकी घोषणा की गई है, ताकि किसान जल्द से जल्द फसल काटकर खेत खाली कर दें। बताया जा रहा कि पीएम मोदी ने कुछ सैन्य अफसरों को आवश्यक हिदायतें अवश्य जारी की हैं।



### यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी

*सरकार से जुडे विश्वस्त सूत्रों का मानना है कि मोदी सरकार की ओर से कोई बड़ी सैन्य तैयारी का स्पष्ट संकेत नहीं है। बीएसएफ का निर्देश सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने के लिए है, जो पहलगाम हमले और हाल की घटनाओं के बाद स्वाभाविक है। किसानों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जरूरी माना जा रहा है।*

### सतर्कता के लिए कदम उठाया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई, जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़े कदम उठाए, जैसे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना और राजनयिक कर्मचारियों की संख्या कम करना। फिरोजपुर में एक बीएसएफ जवान के गलती से सीमा पार करने और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा हिरासत में लिए जाने की घटना ने भी तनाव बढ़ाया है। सीमा पर बीएसएफ ने गश्त बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के किसानों को यह आदेश सुरक्षा उपायों का हिस्सा प्रतीत होता है, न कि किसी बड़े सैन्य अभियान का संकेत। फसल कटाई का निर्देश इसलिए दिया गया है ताकि सीमा पर तारबंदी के पार कोई गतिविधि न हो, जिससे सुरक्षा बलों को निगरानी में आसानी हो। साहोवाल गांव के पास 4.5 किलो आरडीएक्स, हथगोले और अन्य हथियारों का जखीरा मिलना भी सुरक्षा बलों की सतर्कता को दर्शाता है।

सीजेआई व एससीबीए-11 में क्रिकेट मैच

# सिब्बल ने की तारीफ- सीजेआई को कहीं हारने की आदत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में सीजेआई-11 और एससीबीए-11 के बीच क्रिकेट मैच में हिस्सा लिया।

इस दौरान सिब्बल ने सीजेआई संजीव खन्ना की तारीफ की। उन्होंने कहा किसीजेआई को हारने की आदत नहीं है। सिब्बल ने कहा कि चीफ जस्टिस जब आए तो टॉस हुआ तो उन्होंने जीता। वे बेंच पर भी बैठकर जीतते हैं। यहां भी क्रिकेट में भी जीतते हैं। हमारी कोशिश है कि यहां पर तो उनको हराया जाए, लेकिन मुझे बहुत ही मुश्किल लगता है। उनकी टीम बड़ी मजबूत है। सीजेआई ने बड़े-बड़े प्लेयर उधार भी लिए हुए हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के जज नहीं हैं। हम चाहते हैं कि इसके द्वारा ऐसे मैच भी हों, जहां बार एंड बेंच भी इकट्ठा होकर क्रिकेट खेलें।



## भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर रख रहे नजर

# पहलगाम हमले के बाद लिया बड़ा फैसला: ब्रिक्स की अहम बैठक में शामिल नहीं होंगे विदेश मंत्री और एनएसए डोभाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ने के कारण विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं एनएसए अजीत डोभाल अगले हफ्ते होने वाली ब्रिक्स एनएसए और विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। इस बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस बैठक में अजीत डोभाल की जगह डिप्टी एनएसए पवन कपूर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रिक्स एनएसए बैठक में सीमा पार आतंकवाद के साथ-साथ दूसरे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पार आतंकवाद, आतंकियों को मिलने वाली फंडिंग और उनके नेटवर्क को खत्म करना इस बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल रहेगा।

पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए इस आतंकी हमले में ज्यादातर पर्यटकों सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने आतंकियों और उनके ठिकानों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा के नजरिए से ये फैसले लिए गए हैं।ब्राजील में होने वाली ब्रिक्स बैठक में 11 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जुलाई में होने वाले ब्रिक्स सम्मलेन के लिए एजेंडा तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना है। बैठकों में एआई, क्लाइमेट फाइनेंस, क्रॉस बॉर्डर पेमेंट्स इनीशियेटिव और मल्टीलेटरल संस्थानों में सुधार जैसे मामलों पर चर्चा की जाएगी।

**ब्रिक्स की बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी**





### विदेश मंत्री और एनएसए क्यों नहीं जा रहे ब्राजील?

विदेश मंत्रियों की बैठक में यूक्रेन और पश्चिम एशिया जैसी अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। एनएसए और विदेश मंत्री ने इस बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला इसलिए किया है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं की वे निगरानी कर रहे हैं।

## पाकिस्तान ने फिर फैलाई चीन के सामने झोली, मांगा कर्ज

पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त 10 अरब युआन (1.4 अरब डॉलर) का कर्ज देने का अनुरोध किया है। रविवार को जारी एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नकदी संकट से जूझ रहा यह देश पहले ही मौजूदा 30 अरब युआन (4.3 अरब डॉलर) की चीनी व्यापार सुविधा का उपयोग कर चुका है। वित्त मंत्रालय द्वारा शनिवार देर रात जारी बयान में कहा गया कि वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान चीन के वित्त उप मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात की और उनसे मुद्रा अदला-बदली करार के तहत सीमा को बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का अनुरोध किया।

## बिलावल की निकली हेकड़ी, बोले- बातचीत से समाधान होगा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान के बाद भारत में एक बड़ा उबाल आ गया है। भुट्टो के बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है और इसकी कड़ी निंदा की है। अब भुट्टो अपने बयान को लेकर बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने दोनों देशों से विवादों के समाधान के लिए बातचीत का सहारा लेने का आग्रह किया है। एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान और भारत को आपस में बातचीत कर के समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ बातचीत करने की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने इसको अस्वीकार कर दिया। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीपीपी नेता ने सिंध प्रांत में एक रैली के दौरान कहा था कि सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून बहेगा। इस बयान के बाद बिलावल की चौतरफा निंदा हुई और भारत की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद उनकी हेकड़ी निकल गई और भारत के प्रति उनकी भाषा सुधर गई। अब बिलावल भुट्टो भारत के साथ बातचीतक करके समाधान निकालने की बात कह रहे हैं संबंध सुधारना चाहते हैं।



दहशत

### परमाणु हमले की दी धमकी

## हमले के डर से पाकिस्तानी रेल मंत्री ने दी गीदड़ भभकी



पाकिस्तान के रेल मंत्री मोहम्मद हनीफ अब्बासी ने खुलेआम भारत को परमाणु हमले की धमकी देकर तनाव बढ़ा दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्होंने चेतावनी दी है कि घोरी, शाहीन और गजनवी मिसाइलों के साथ-साथ 130 परमाणु हथियार को केवल भारत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइलें हमारे 130 परमाणु हथियार चौकों में सजाने के लिए नहीं है। वो भारत के लिए रखे गए हैं। अब्बासी की खुलेआम भारत पर परमाणु हमले की धमकी देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

## दिल्ली में 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की हुई पहचान, मिली लिस्ट, अब छोड़ना होगा भारत

आईबी ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंपी है, ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में पर्यटकों पर हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद केंद्र के हालिया निर्देश के मद्देनजर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं।

विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने सूची को दिल्ली पुलिस की एक विशेष शाखा के साथ साझा किया है और इसे आगे के सत्यापन और पहचान के लिए संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है।

सूची में हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जिनके पास दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) है और उन्हें छूट दी गई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सत्यापन के लिए सूची को संबंधित जिले को सौंप दिया गया है और पाकिस्तानी नागरिकों से उनके देश लौटने के लिए कहा गया है। मध्य और उत्तर-पूर्व जिलों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं।



### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने टीटीपी के 41 आतंकियों को किया ढेर

*पाकिस्तान में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े कम से कम 41 आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। यह मुठभेड़ उस वक्त हुई जब आतंकवादी अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को यह झड़प उत्तरी वजीरिस्तान के बीबाक गर क्षेत्र के करीब हुई। एक अधिकारी ने जानकारी दी कि आतंकियों ने बीबाक गर के इर्द-गिर्द डेरा डाल रखा था। तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें घेरकर कार्रवाई शुरू की। अधिकारी के मुताबिक, "मारे गए आतंकवादियों में बड़ी तादाद अफगान शहरीयों की थी।*

### वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे

*अधिकारी ने बताया कि इस मामले पर एक बैठक बुलाई गई थी और दिल्ली पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा और खुफिया ब्यूरो (इंटेलिजेंस ब्यूरो) के अधिकारियों को दिल्ली में रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करने और उन्हें जल्द से जल्द भारत छोड़ने के लिए कहने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

### सिग्नेचर ब्रिज के पास 700 लोग रह रहे

सरकार ने बाद में स्पष्ट किया कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से दिए गए दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) मान्य रहेंगे। अनुमान के अनुसार, मजनू का टीला के पास लगभग 900 लोग और सिग्नेचर ब्रिज के पास 600-700 लोग रह रहे हैं।

### कई पाकिस्तानी नागरिक पहले ही देश छोड़ चुके

एक अन्य अधिकारी ने पुष्टि की कि उनके पास दिल्ली में रह रहे 3000 और 2000 पाकिस्तानी नागरिकों की दो सूचियां हैं। कुछ नाम इन सूचियों में दोहराए गए हैं और उनके ठहरने की स्थिति का सत्यापन किया जा रहा है, क्योंकि कई पाकिस्तानी नागरिक पहले ही देश छोड़ चुके हैं।

### मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल के बाद अमान्य

शुक्रवार को, गृह मंत्रालय ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का आदेश जारी किया, जिसमें मेडिकल, डिप्लोमैटिक और दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) को छोड़कर सभी वीजा शामिल हैं। यह आदेश 27 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। मौजूदा मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल, 2025 के बाद अमान्य हो जाएंगे।

## पहलगाम हमले की एनआईए कर रही जांच

## 1500 से पूछताछ, 15 की हुई पहचान आतंकियों के मददगारों की खैर नहीं!



पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तानी आतंकियों की मदद करने वाले 15 लोकल कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और आतंकी सहयोगियों की पहचान की गई है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से पता चला कि ये लोग हमले में शामिल आतंकियों के लिए जरूरी चीजें जुटाते थे। संभव है कि इन्होंने पाकिस्तान से हथियारों की खेप भी मंगवाई हो। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियां पांच मुख्य संदिग्धों पर नजर रख रही हैं। इनमें से तीन को पकड़ लिया गया है। पुलिस बाकी दो ओवरग्राउंड वर्कर्स की तलाश कर रही है। हमले के दिन ये पांचों संदिग्ध घटनास्थल के आसपास ही थे और उनके फोन भी उसी इलाके में एक्टिव थे। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस में पता चला कि पकड़े गए तीन संदिग्ध आपस में पहलगाम में मौजूद पाकिस्तानी आतंकियों की मदद करने के बारे में बात कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, हमले से पहले की घटनाओं का पता लगाने के लिए 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाकर्मी बैसरन के आसपास के जंगलों में भागे हुए आतंकियों की तलाश कर रहे हैं और उन्होंने तलाशी अभियान और तेज कर दिया है। आसपास के कस्बों और जिलों में हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिलने के बाद यह शक है कि वे अभी भी घने जंगलों में छिपे हो सकते हैं। ये जंगल उस घास के मैदान में मिलते हैं।

### पाकिस्तान के मददगारों पर शिकंजा

सूत्रों का कहना है कि पांचों संदिग्धों की भूमिका को लेकर पर्याप्त सबूत मिले हैं। एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ की संयुक्त टीम 10 अन्य ओवरग्राउंड वर्कर्स से भी पूछताछ कर रही है। ये लोग पहले भी कश्मीर में पाक आतंकियों की मदद करते रहे थे और 22 अप्रैल को हमले के दिन घटनास्थल के पास ही मौजूद थे।

### ओवरग्राउंड वर्कर्स डेटाबेस छाना जा रहा

अधिकारी ने बताया कि हम ओवरग्राउंड वर्कर्स डेटाबेस को छान रहे हैं। इसमें हमने 1,500 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। अब हमने 15 संभावित संदिग्धों पर खास फोकस किया है। इसके साथ ही दक्षिण कश्मीर में सक्रिय अन्य ओवरग्राउंड वर्कर्स से भी पूछताछ की जा रही है।

### कैसे करते थे आतंकियों की मदद

माना जा रहा है कि इन्होंने पिछले कुछ सालों में दक्षिण कश्मीर में कई हमलों में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों की मदद की है। ये उन्हें जरूरी सामान मुहैया कराते थे। जंगलों में रास्ता दिखाते थे और यहां तक कि पाकिस्तान से हथियारों की खेप भी मंगवाते थे। जिनका इस्तेमाल आतंकी हमलों में किया जाता था। एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि ये लोग पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के मददगार थे और उन्होंने उनके लिए जरूरी सामान का इंतजाम किया था। इस हमले में 4-5 आतंकी शामिल थे। इनमें से कम से कम दो पाकिस्तानी और दो स्थानीय कश्मीरी थे। हम इन 15 हिरासत में लिए गए ओवरग्राउंड वर्कर्स से और जानकारी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि साजिश को पूरी तरह से समझा जा सके।

### पहलगाम अटैक पर विवादित पोस्ट, 7 राज्यों में 28 गिरफ्तार



*पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 स्टूडेंट शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियां हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गई है। पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम असम की विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ से हैं। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को 'सरकार की साजिश' बताया था।*

### 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स हिरासत में

*शनिवार तक पहलगाम हमले से पहले की घटनाओं का पता लगाने के लिए 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। एक अधिकारी ने बताया कि लगभग 20-25 ओवरग्राउंड वर्कर्स को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। ये वे ओवरग्राउंड वर्कर्स हैं जो पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में रहते हैं। उन्हें शरण देते हैं और उनके 'गाइड' के तौर पर काम करते हैं।*

### गुफा के अंदर एक बड़ा सा मैदान और पानी भी मिला

## सर्चिंग में नक्सलियों की बड़ी गुफा मिली इसमें छिप सकते हैं एक हजार नक्सली

बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े ऑपरेशन में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग के दौरान एक गुफा मिला है, जहां एक हजार से ज्यादा लोग आराम से रह सकते हैं।

एजेंसी ▶▶ बीजापुर

जिले के उसूर थाना क्षेत्र के कर्रेगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ पिछले पांच दिनों से चल रहे अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन कगार में शामिल जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंच गए है।

जवान जिस गुफा में पहुंचे हैं। उसके अंदर एक बड़ा सा मैदान और पानी मिला है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े ऑपरेशन में जवानों को सफलता मिली है।

सर्चिंग के दौरान एक गुफा मिली है, जहां एक साथ एक हजार से ज्यादा लोग आराम से रह सकते हैं। पांच दिनों की मशक्कत और 45 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंचने में सफल हो गए हैं। जवान जिस गुफा तक पहुंचे है। वहां का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

### कर्रेगट्टा की पहाड़ियों में बनी है गुफा | पांच दिन से जारी ऑपरेशन



### गुफा में आराम करने लायक वातावरण

गुफा के भीतर जवानों का तलाशी अभियान चल रहा है। नक्सलियों की मौजूदगी नहीं मिली पर साफ हो गया कि यहां नक्सली सुरक्षित ठिकाना बनाकर रह रहे थे। भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान के बीच पांच दिनों के कड़ी मशक्कत के बाद आखिर जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंचने में कामयाब हो गए।

### हमें जानकारी नहीं; डीआईजी

इस मामले में दक्षिण बस्तर यानी दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने कहा कि हमें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इस मामले में हम कुछ नहीं कह सकते हैं। मौके पर नक्सल ऑपरेशन जारी है।

## ईरान में मरने वालों की संख्या 28 हुई, 800 घायल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सबसे बड़े व्यवसायिक बंदरगाह बंदर अब्बास पर हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है, जबकि 800 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है।



### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में फैसला

## सेना की वर्दी की बिक्री और सिलाई करने पर बैन

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सेना की वर्दी और युद्ध के पैटर्न वाले कपड़ों की बिक्री, सिलाई और उनकी स्टोरेज पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया है, ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा इनका दुरुपयोग रोका जा सके। किश्तवाड़ के डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार शवन ने प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। उन्होंने शनिवार को जारी आदेश में कहा, विध्वंसक तत्वों द्वारा उत्पन्न यह खतरा सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक शांति, सौहार्द और सुरक्षा के लिए आसन्न खतरा है, जिसके लिए तत्काल रोकथाम की आवश्यकता है।



### कुपवाड़ा में समाजसेवी को गोली मारी, मौत

कुपवाड़ा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मारा गया व्यक्ति समाजसेवी बताया जा रहा है, जिसका भाई कुछ साल पहले पाकिस्तान चला गया था और लश्कर में शामिल है।

### 17 नवंबर 2024 को उसके पास एक लिंक आया, थाईलैंड का एक टिकट भी भेजा

### सेना के जवानों ने छुड़ाए 600 युवक

## नौकरी के बहाने थाईलैंड बुलाया, बंधक बनाकर म्यांमार में कराई थी साइबर ठगी

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

मंसूरपुर के जावेद के पास 17 नवंबर 2024 को टेलीग्राम से एक लिंक आया, जिसमें टाइपिंग का काम करने पर विदेश में डॉलरों में कमाई का झांसा दिया गया था। इसके बाद उसे बुलाकर जबरन साइबर ठगी के काम में लगा दिया गया। पहली बार एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें साइबर ठगों ने एक युवक को अपने जाल में फंसा कर विदेश में काम दिलाने के नाम पर बंधक बना लिया। साइबर ठगों ने पीड़ित युवक को म्यांमार में ठगी के धंधे में लगाया। पीड़ित युवक को म्यांमार की सेना ने बंधन मुक्त कराया। इसके बाद पीड़ित अपने वतन वापस आ सका। सेना ने पीड़ित युवक सहित 600 युवकों को बंधन मुक्त कराया।



मंसूरपुर थाना क्षेत्र निवासी जावेद को नौकरी की तलाश थी। 17 नवंबर 2024 को उसके पास एक लिंक आया, जिसमें विदेश में टाइपिंग का काम करने के लिए लिखा गया था। लिंक टेलीग्राम के माध्यम से मिला था। उसे बताया गया कि कर्मचारी के आने -जाने का खर्च भी कंपनी वहन करेगी। उसे अगले ही दिन थाईलैंड का एक टिकट भी भेज दिया गया। पीड़ित युवक 20 नवंबर को थाईलैंड चला गया। थाईलैंड पहुंचने पर उसे वहां मिले लोगों ने म्यांमार भेज दिया। वहां पर उसे टाइपिंग का काम नहीं दिया गया। बल्कि क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराने के धोखाधड़ी के काम में लगा दिया। युवक ने घर वापस भेजने के लिए कहा तो उसे बंधक बना लिया गया। घर भेजने के नाम पर उसे रुपये जमा कराने को कहा गया।

### म्यांमार की सीमा पर चलता है ठगी का धंधा

*पीड़ित युवक ने बताया कि ठगों ने उसे दो माह का टूरिस्ट वीजा दिलाया था, विश्वास कर वह चला गया। थाईलैंड से उसे व अन्य युवकों को अवैध तरीके से नदी पार कराकर म्यांमार ले जाकर सीमा के निकट बड़े अहाते में रखा गया। वहां पहले ही लगभग डेढ़ हजार युवक काम कर रहे थे। वहां उसे क्रिप्टो करेंसी के ठगी के धंधे में लगाया गया। वहां सभी युवक कंप्यूटर पर काम करते थे। सभी का अलग-अलग वेतन था, उसे 800 डालर प्रतिमाह देते थे। उसने घर जाने के लिए कहा तो उससे खर्च के रुपये मांगे गए। एक माह का उसे वेतन नहीं दिया। किसी तरह म्यांमार की सेना सूचना पाकर वहां पहुंची। वापस जाने के इच्छुक युवकों से पूछा तो उसने भी हां कर दी।*




# कोपा डेल रे कप : बार्सिलोना 32वीं बार बना चैंपियन, 43वीं बार खेला फाइनल मुकाबला

एजेंसी ▶▶| सेविले

जूल्स कौंडे के 116वें मिनट में अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है।

3-2 से रियल मैड्रिड को हराया

11 बार उपविजेता रही टीम

चैंपियंस लीग और ला लिगा खिताब से एक कदम दूर

20 खिताब रियल मैड्रिड चैंपियन

24 खिताब के साथ बिलबाओ दूसरे स्थान पर




### अतिरिक्त समय में मिली जीत

पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींच दिया।

### सत्र में तीसरी जीत

बार्सिलोना ने इस सत्र में रियल मैड्रिड के खिलाफ जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे जीत मिली। उसने पिछले साल अक्टूबर में ला लिगा के मैच में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया था। इसके बाद उसने जनवरी में स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से जीत हासिल की थी।

## एफए कप फाइनल में पहुंचा क्रिस्टल पैलेस

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था लेकिन दोनों अवसरों पर उसे मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एजे ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से भिड़ेगा।

## रोनाल्डो ने दागा टूर्नामेंट का अपना 8वां गोल



**जेद्दा।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल-नसर का खाता खोला जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
443 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### प्रभसिमरन इस सत्र में अधिक परिपक्व



**कोलकाता।** जाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र ने अधिक परिपक्वता दिखा रहे हैं तथा टीम प्रबंधन में उन पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतर रहे हैं। पंजाब के अनुभवी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए मैच में शुरू में सतर्कता बरतने के बाद 49 गेंद पर 83 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण हालांकि यह मैच धुल गया।

### आक्रामक गेंदबाजी से उनका भी दिन बन जाएगा



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाज पावर-हिटिंग को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं, लेकिन अगर गेंदबाज सटीकता से समझौता किए बिना आक्रामक बने रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनका भी दिन बन जाएगा। बोल्ट ने कहा कि टी20 क्रिकेट बल्लेबाजों द्वारा बड़े शॉट लगाने के तरीके खोजने के साथ विकसित हुआ है, लेकिन इससे गेंदबाजों को भी विकेट लेने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

### टीसीएस वर्ल्ड 10के में शीर्ष पर रहे सारा और जोशुआ

**बेंगलुरु।** सारा चेलंगट और जोशुआ चेप्टेगी ने रविवार को यहां आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के दौड़ में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किए। विश्व एथलेटिक्स के 'गोल्ड लेबल रोड रेस' के दोनों वर्गों में इस तरह युगांडा के धावकों का दबदबा रहा। सारा और चेप्टेगी अपने देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10के खिताब के साथ-साथ 26,000 डॉलर का पुरस्कार भी जीते हैं।

आईपीएल : 10 मैच में 12 अंक लेकर नंबर 2 बनी इंडियंस

# मुंबई की लगातार पांचवीं जीत, बुमराह का 'चौका', रिकलटन और सूर्या के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आईपीएल में हमेशा की तरह धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई इंडियंस 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात टाइटंस (12 अंक) से नीचे बनी हुई है। एलएसजी 10 अंक से छठे स्थान पर है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 161 रन ही बना सकी। विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी की।



### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का बदोनी बो राठी | 58 | 32 | 6 | 4 |
| रोहित का प्रिंस बो मयंक | 12 | 05 | 0 | 2 |
| विल जैक्स बो प्रिंस यादव | 29 | 21 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का मार्श बो आवेश | 54 | 28 | 4 | 4 |
| तिलक का प्रिंस बो बिश्नोई | 06 | 05 | 1 | 0 |
| हार्दिक पंड्या बो मयंक | 05 | 07 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 25 | 11 | 2 | 2 |
| बॉश का पूरन बो आवेश | 20 | 10 | 2 | 1 |
| दीपक चाहर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 215/7
गेंदबाजी : मयंक 4-0-40-2, प्रिंस 4-0-44-1, राठी 4-0-48-1, बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश 4-0-42-2.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का तिलक बो बोल्ट | 34 | 24 | 3 | 2 |
| मारक्रम का नमन बो बुमराह | 09 | 11 | 2 | 0 |
| पूरन का सूर्यकुमार बो जैक्स | 27 | 15 | 1 | 3 |
| पंत का कर्ण बो जैक्स | 04 | 02 | 1 | 0 |
| बदोनी का जैक्स बो बोल्ट | 35 | 22 | 2 | 2 |
| मिलर का बॉश बो बुमराह | 24 | 16 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद बो बुमराह | 02 | 04 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई बो बॉश | 13 | 14 | 0 | 2 |
| आवेश खान बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 04 | 09 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी बो बोल्ट | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/10
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-20-3, चाहर 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, जैक्स 2-0-18-2, कर्ण शर्मा 2-0-25-0, पंड्या 1-0-10-0, बॉश 4-0-26-1.

### सूर्या के 4 हजार रन पूरे

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे कर लिए हैं। एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के बाद सूर्या ने सबसे कम गेंदों में ऐसा कारनामा किया है। गेल ने 4 हजार रन पूरे करने के लिए 2653 गेंदों का सामना किया था, जबकि डिविलियर्स ने 2658 गेंदों का सामना किया था। वहीं, सूर्या ने इसे करने के लिए 2705 गेंदों का सामना किया है।

### ऑरेंज कप पर सूर्या का कब्जा

ऑरेंज कप यानी आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सूर्यकुमार यादव अब सबसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। 10 मैच में सूर्या के बल्ले से अबतक 427 रन निकले हैं, जबकि 8 पारियों में साई ने 417 रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जो 9 मैच में 392 रन बनाए हैं।

## खेल स्ट्राइक

### इस्लामाबाद वॉलीबॉल खेलने नहीं जाएगा भारत



**लाहौर।** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाले मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, 'भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी को रद्द कर दिया है। यह जानकर निराशा हुई कि भारत ने चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है और उनकी जगह अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम लेगी।'

### पीएसएल में शामिल भारतीय स्वदेश लौटे

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को 23 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा प्रदान की जो पाकिस्तान सुपर लीग के प्रोडक्शन और प्रसारण टीम का हिस्सा थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सीमा तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में सभी भारतीय नागरिकों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने के लिए कहा था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। पीसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि पीएसएल मैचों के प्रोडक्शन और प्रसारण के लिए पाकिस्तान में मौजूद 23 भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया गया है।

### खिलाड़ियों ने बांधी काली पट्टी



**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक जताते हुए रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरीं। दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम है।

क्रिकेट

## बेंगलुरु घर के बाहर लगातार 6 मैच जीतने वाली पहली टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपने मैदान पर खेल रहे विराट कोहली और कृणाल पंड्या के बीच चौथे विकेट के लिए 84 गेंद में 119 रन की साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल के मैच में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। जीत के लिए 163 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने एक समय 26 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद 18.3 ओवर में चार विकेट पर 165 रन बनाए। आरसीबी अपने मैदान से बाहर लगातार छह मैच जीतने वाली आईपीएल के इतिहास में पहली टीम बन गई। खचाखच भरे अरुण जेटली स्टेडियम पर 'कोहली कोहली' के शोर के बीच विराट पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए 47 गेंद में चार चौकों की मदद से 51 रन बनाए, जबकि कृणाल 47 गेंद में नाबाद 73 रन बनाए जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। इस जीत के बाद आरसीबी 10 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली नौ मैचों में 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आखिरी ओवरों में ट्रिस्टन स्टब्स के 18 गेंद में 34 रन और केएल राहुल के 41 रन की मदद से आठ विकेट पर 162 रन पर बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पोरेल का शर्मा बो हेजलवुड | 28 | 11 | 2 | 2 |
| डु प्लेसी का कोहली बो पंड्या | 22 | 26 | 2 | 0 |
| नायर का भुवनेश्वर बो दयाल | 04 | 04 | 1 | 0 |
| राहुल का बेथेल बो भुवनेश्वर | 41 | 39 | 3 | 0 |
| अक्षर पटेल बो हेजलवुड | 15 | 13 | 1 | 1 |
| स्टब्स का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 34 | 18 | 5 | 1 |
| आशुतोष शर्मा बो भुवनेश्वर | 02 | 03 | 0 | 0 |
| विपराज निगम रन आउट | 12 | 06 | 0 | 1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| दुष्मंता चामीरा नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 04, योग : 20 ओवर में 162/8
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-33-3, दयाल 4-0-42-1, हेजलवुड 4-0-36-2, सुयश 4-0-22-0, कृणाल 4-0-28-1.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का करूण बो अक्षर | 12 | 06 | 1 | 1 |
| कोहली का स्टार्क बो चामीरा | 51 | 47 | 4 | 0 |
| देवदत्त पडिक्कल बो अक्षर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| रजत पाटीदार रन आउट | 06 | 06 | 1 | 0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 73 | 47 | 5 | 4 |
| टिम डेविड नाबाद | 19 | 05 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त :** 04, कुल : 18.3 ओवर में 165/4
**गेंदबाजी :** अक्षर 4-019-2, स्टार्क 3-0-31-0, मुकेश 3.3-0-51-0, निगम 1-0-12-0, कुलदीप 4-0-28-0, चामीरा 3-0-24-1.

## भारत के 14 मुक्केबाज एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 9 विकेट से रौंदा, प्रतिका की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के शानदार नाबाद अर्धशतक से पहले स्पिनर स्नेह राणा और पदार्पण कर रही श्री चरणी की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया।

बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ के स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलायी जिसके बाद प्रतिका (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### अभिनव शॉ ने जीते निशानेबाजी में 3 स्वर्ण

**नई दिल्ली।** युवा अभिनव शॉ ने रविवार को कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। अभिनव ने सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में मेहुली घोष के साथ मिलकर रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया।जूनियर स्पर्धा के स्वर्ण पदक मैच में अभिनव ने स्वाति चौधरी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महाराष्ट्र की शम्भवी क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने को 16-12 से हराया। अभिनव ने युवा वर्ग में संद्रता रॉय के साथ स्वर्णिम हैट्रिक पूरी की। इस जोड़ी ने मध्य प्रदेश की निखिल पुंडीर और गौतमी भनोट की जोड़ी को 17-5 से हराया।

टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला शाम 7.30 बजे

# आज जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचेगा गुजरात

एजेंसी ▶▶| जयपुर

शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंचना होगा।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम आठ मैचों में से छह जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में शीर्ष पर काबिज है और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो और जीत की जरूरत है। टाइटंस ने मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और उसे सिर्फ दो बार हार का सामना करना पड़ा है। साई सुदर्शन और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः ऑरेंज (सबसे ज्यादा रन) और पर्पल (सबसे ज्यादा विकेट) कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। गुजरात की इस टीम के लिए गिल, सुदर्शन और जोस बटलर शानदार लय में है। इस तिकड़ी के तीनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में 300 से अधिक रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से अधिक रहा है। कई चोटों के बाद प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आठ मैचों में 14.12 की औसत से 16 विकेट लिए हैं। मोहम्मद सिराज भी गेंद से प्रभावी रहे हैं, उन्होंने अब तक 12 विकेट लिए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। आर साई किशोर भी इस सत्र में शीर्ष पांच विकेट लेने वालों में शामिल हैं। इस वामहस्त स्पिनर ने 8.22 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं।



### गेंदबाजी एक बड़ी निराशा

राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 11 रनों से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। यह उनकी लगातार पांचवीं और नौ मैचों में सातवीं हार थी। वे अब अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। लीग के शुरुआती सत्र के चैंपियन को इस पूरे सत्र में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। टीम अपने पिछले तीन मैचों में जीत के करीब पहुंची लेकिन करीबी मैचों को अपने पक्ष में मोड़ने में नाकाम रही। इसमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में दिल तोड़ने वाली हार भी शामिल है। शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, रियान पराग और नितीश राणा ने अच्छी बल्लेबाजी की है लेकिन उनकी गेंदबाजी एक बड़ी निराशा रही है।

35वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर कैनो स्प्रिंट व 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो चैंपियनशिप

# राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट और पैरा कैनो में चौथे दिन भी मप्र का दबदबा कायम, जीते 12 स्वर्ण पदक

## पदक तालिका में मप्र शीर्ष पर, पैरा कैनो में भी मप्र ने जीते 9 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

35वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर कैनो स्प्रिंट में मप्र के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेजबान मप्र ने चौथे दिन आठ स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित 12 पदक जीते। वहीं, केरल और ओडिशा ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते हैं। मप्र पदक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। मप्र का जलवा 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो में भी रहा। इसमें मप्र ने चार स्वर्ण, तीन रजत व दो कांस्य सहित नौ पदक जीते हैं।

मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में राजधानी के छोटे तालाब पर चौथे दिन रविवार को 200 मी. सब जूनियर बालक वर्ग के-2 में मप्र के वांगथोई व येभाबा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। के-4 में मप्र के इशान, वांगथोई, देवजीत व येभाबा की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीते, सी-1 बालक वर्ग में मप्र के सुधीर कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। सी-2 लैचिबाम्बा व हर्ष साहूल क जोड़ी ने कांस्य तथा सी-4 में मप्र के हर्ष साहू, लैचिबाम्बा व सुमित एलेक्स की चौकड़ी ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालिका वर्ग में मप्र की भाग्यश्री व निहारिका सिंह की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीते, के-4 में मानवी, भाग्श्री, स्नेहा व नीलू ने की चौकड़ी ने रजत पदक जीता। सी-1 महिला वर्ग मे मप्र की माही साहू ने कांस्य, सी-2 में कनुप्रिया व प्रगति ने भी रजत पदक जीता।, वहीं 5000 मी. में मप्र के आदित्य ने स्वर्ण, महिला वर्ग में रूकमणी ने स्वर्ण, कृष्णा ने रजत पदक जीते।






### पैरा कैनो में मप्र पूजा, प्राची, मनीष व संजीव ने जीते स्वर्ण

रविवार को पैरा कैनों के रोमांचक मुकाबले आयोजित हुए। इसमें मप्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पूजा ओझा ने वीएल 1 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, पैरा ओलिंपियन प्राची यादव ने वीएल-2 इवेंट में मप्र को स्वर्ण पदक दिलाया। मप्र के संजीव कोटिया ने पुरुष वर्ग के केएल-2 में स्वर्ण पदक जीता। मप्र के ही मनीष कौरव ने केएल-3 में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की संगीता राजपूत ने वीएल-3 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। उप्र के यश कुमार ने केएल-1 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। सर्विसेस के वजित ने रजत पदक जीता। रविवार को पदक विजेता खिलाड़ियों को मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, सचिव मयंक ठाकुर, आईजी अशोक गोयल, आईकेसीए के सीईओ सुमंत कुलश्रेष्ठ दिलीप ओसी, रवींद्र चौहान, मंजीत शेखावत, प्रशांत रघुवंशी, दिलीप बैनीवाल, मनोज, डा. राजू खनोड, विनोद मिश्रा, बाघाराम विश्नोई, पीके बरोई, आशीष दीक्षित, डा. रफीकउद्दीन, प्रीत सिंह, दत्ता पाटिल, शत्रुघ्न यादव ने पुरस्कार वितरित किए।

#### आज होगा समापन

*मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि कल ड्रैगन बोट 200 मीटर की रेस कराई जाएगी और पैरा कैनो के शेष मुकाबलो के फाइनल होंगे। इसके बाद प्रतियोगिता का समापन होगा।*



साबिर मोहम्मद को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत करते सागर।

मुर्तज़ा अली और शलभ श्रीवास्तव का शानदार प्रदर्शन

# डीआरपी इलेवन ने आईईसीसी को 32 रन से किया पराजित

## द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**भोपाल।** नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में डीआरपी इलेवन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आईईसीसी को 32 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ा लिया।

### 161 के लक्ष्य का पीछा करते आईईसीसी की पारी लड़खड़ाई

161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईईसीसी की शुरुआत खराब रही। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट होते गए। केवल अथर्व खांडेलवाल (34 रन) और सोहेल चाउस (27 नाबाद रन) ही कुछ संघर्ष कर सके। शलभ श्रीवास्तव ने 3 ओवर में मात्र 13 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। आदित्य सिंह और दीपेश पाल के अलावा कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका।

### डीआरपी इलेवन की पारी शुरुआत में सधी

*टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीआरपी इलेवन की टीम ने आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 160/7 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए मुर्तजा अली ने मात्र 25 गेंदों में 45 नाबाद रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। शलभ श्रीवास्तव ने भी 15 गेंदों में 28 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। संजय पटेल (26 रन) और कप्तान नितेश वैकर (28 रन) ने भी पारी को स्थिरता दी। आईईसीसी के लिए गेंदबाज आदित्य सिंह और दीपेश पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके, लेकिन अंतिम ओवरों में लचर फील्डिंग और महंगे स्पेल टीम पर भारी पड़े।*

# मप्र लेक सिटी हैकथॉन में आरजीपीवी के प्रखर सुधाले और प्रखर साहू ने पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल की घटक संस्था यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के छात्र प्रखर सुधाले एवं प्रखर साहू ने मप्र लेक सिटी हैकथॉन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित किया। यह प्रतियोगिता 21, 22 , 23 अप्रैल को हुई। इन्होंने द्वितीय स्थान के साथ-साथ परितोषिक के रूप में 15,000 रुपए का इनाम भी जीता। विभाग अपने बेंचमार्क को बनाए रखते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया। स्मरण रहे कि विभाग ने कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय स्तर के एग्जाम में विभाग को गौरवान्ति किया है, उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।




68वीं राष्ट्रीय शालेय स्केटिंग प्रतियोगिता 30 से दिल्ली में

# कैम्पियन स्कूल के 3 स्केटर्स नेशनल टूर्नामेंट में चयनित

## दिल्ली के स्केटिंग रिंग में उतरेंगे शहर के तीन खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैम्पियन स्कूल भोपाल के 3 रोलर स्केटर्स 68वीं राष्ट्रीय शालेय स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 अप्रैल का दिल्ली पहुचेंगें। यह तीनों स्केटर्स दिल्ली केजीआर इंटरनेशनल बावना स्कूल के स्केटिंग रिंग में आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय शालेय स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने 29 अप्रैल को भोपाल से रवाना होंगें।

30 अप्रैल से 5 मई तक चलने वाली यह छह दिवसीय राष्ट्रीय शालेय स्केटिंग प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडेरेषन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित की जाएगी। कैम्पियन स्कूल में सेकंडरी कक्षाओं के ये चयनित स्केटर्स में दिव्यांश लगलवार, रिशिका चावड़ा, और रिशिका शिंदे शामिल हैं। यह तीनों स्केटर्स बालक एवं बालिका वर्ग सूची के विभिन्न आयु वर्गों में क्वाडस व इनलाईन कैटेगरी में स्कूल एवं प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कैम्पियन स्कूल के इन सभी स्केटर्स का चयन नवंबर 2024 में ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन पर हुआ हैं।



प्राचार्य फादर डॉ.अथनस लकड़ा एसजे, उप प्राचार्य फादर आलोक कुजूर एसजे व शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी ने कोच संजय मिश्रा समेत सभी तीनों खिलाड़ियों को इस राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं दी व इस प्रतियोगिता में उनके अच्छे प्रदर्शन की कामना की।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Madhya Pradesh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930